दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। शनिवार 20 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 190 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3





लोकतंत्र के महापर्व में नववधू ने भी वोट डालकर यह अहसास कराया कि मतदान का क्या महत्त्व है।






मोदीनगर में चुनावी रैली के दौरान बोले योगी आदित्यनाथ

# सपा, बसपा और कांग्रेस पश्चिमी यूपी के लिए खतरा

# अन्नदाताओं का उत्थान ही मोदी सरकार का विजन

## चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार







**मोदी नगर, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अन्नदाता किसानों का सम्मान और उत्थान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के सपनों को साकार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अन्नदाताओं के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की, जिसका परिणाम हम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि चाहे पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए अन्नदाताओं का सम्मान हो, या भारत को दुनिया में सम्मान दिलाने का कार्य, ये तमाम योजनाएं नये भारत की पहचान बन रही हैं। सीएम योगी मोदीनगर में बागपत लोकसभा सीट के लिए एनडीए प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा की।

## अब होती है उत्तर प्रदेश में भव्य कांवड़ यात्रा

**करंट क्राइम।** मोदी इंटर कॉलिज के विशाल मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों बाद रामलला को अपनी जन्मभूमि पर अपना जन्मोत्सव मनाने का अवसर प्राप्त हुआ। रामनवमी के दिन अयोध्या में जो हुआ, क्या सपा, बसपा व कांग्रेस की सरकार में ये हो पाता, क्या वह पार्टियां राम मंदिर का निर्माण करवा पातीं, विपक्षी सरकारों ने तो उत्तर प्रदेश को दंगा और कर्फ्यू की चपेट में ला दिया था। आज इस क्षेत्र में बिना रोकटोक कांवड़ यात्रा भव्य तरीके से निकलती है।



## श्रीराम के सूर्य तिलक ने पूरे देश को गौरवान्वित किया

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री ने रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम के सूर्य तिलक को लेकर कहा कि इसने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। वहीं उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन पार्टियों ने पश्चिमी यूपी में सुरक्षा के लिए खतरा खड़ा कर दिया था। न बेटी सुरक्षित थी, न व्यापारी, किसान के खेत से उसके ट्यूबवेल ही उखाड़ लिये जाते थे। हमारी सरकार ने 15 लाख निजी नलकूपों को फ्री बिजली देने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब के सपने को साकार करने के लिए सरकार ने ये निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें दंगा कराती थीं, आज दंगा और कर्फ्यू नहीं होते, अब तो शानदार तरीके से कांवड़ यात्राएं निकलती हैं। हमने कह दिया है कि किसी ने बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया तो अपराधी का राम नाम सत्य तय है। सीएम योगी ने कहा कि मजबूत सरकार में ही सुशासन और सुरक्षा का लाभ प्राप्त होता है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने गिनवाईं उपलब्धियां

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत 80 करोड़ लोगों को 4 साल से फ्री में राशन दे रहा है, वहीं भारत से अलग हुए पाकिस्तान में 23 करोड़ लोग भूखों मर रहे हैं। जब हम अच्छा नेता चुनते हैं तो परिणाम भी अच्छा आता है। आज 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जा चुका है, 50 करोड़ जनता का जनधन अकाउंट खुल चुका है, 12 करोड़ अन्नदाताओं को किसान सम्मान निधि और 12 करोड़ घरों में शौचालय के साथ ही 10 करोड़ माताओं को उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए मतदान चल रहा है। वोटिंग की स्पीड बताती है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार लाने के लिए लोगों में उतावलापन दिख रहा है। ऐसा होना लाजमी है क्योंकि जो हमारे पूर्वजों को सम्मान दें उनका सम्मान होना ही चाहिए।


## कमल खिलाने के लिए 400 पार की छलांग जरूरी

**करंट क्राइम।** सीएम योगी ने कहा कि अबकी बार 400 पार के लिए और मोदी सरकार के लिए बागपत में भी एनडीए के प्रत्याशी विजयी होने चाहिए। डॉ राजकुमार सांगवान जी जैसे कार्यकर्ता को जयंत चौधरी ने जनता की सेवा के लिए उतारा है, इसके लिए उन्हें धन्यवाद। एक सामान्य कार्यकर्ता जिसने चौधरी साहब के समय से उनके मूल्यों और आदर्शों पर कायम रहे, उन्हें जिताने और देश में कमल खिलाने के लिए बागपत में नल आवश्यक है। इसके लिए आपको राजकुमार सांगवान बनना पड़ेगा। एक एक वोट को नल चुनाव चिह्न के साथ जोड़ना होगा। इस अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया, भाजपा के जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान, विधायक मोदी नगर डॉ मंजू सिवाच, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, लोकसभा प्रभारी डॉ अशोक नागर, सांसद मलूक नागर, उमेश राणा, सूरज पाल, भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ चंद्र मोहन, प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## ठाकुर नाराजगी पर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के बोल

# चम्मच से काम चले तो चाकू ना चलाएं मगर भाजपा ने चला दी तोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैज्ञानिकों का मत है कि शरीर के अंदर बहुत सारी बीमारियों से लड़ने की क्षमता के कीटाणु मौजूद हैं। अगर बीमारी भयंकर नहीं है तो बहुत सारी बीमारियों से मुक्ति शरीर की स्वयं की व्यवस्था से ठीक हो जाती हैं। इसलिए लोग प्रतिरोधक क्षमताओं को विकसित करने पर बल देते हैं। मैं इसे केवल मानव शरीर विज्ञान की रचना के रूप में नहीं देखता बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी देखता हूँ। सबसे अधिक राजनीति में भी देखता हूँ।



**चुनावों के समय राजनैतिक दलों को चुनौतियां केवल विपक्ष से नहीं मिलती बल्कि अपने अंदर से भी खड़ी होती हैं। और उनका सबसे बेहतर इलाज अंदर से ही सम्भव है। आजकल भाजपा से ठाकुरों की नाराजगी का प्रचार प्रसार बड़े जोर-शोर से किया जा रहा है। विपक्षी दल इसे खूब हवा दे रहे हैं।**

चुनावों के समय राजनैतिक दलों को चुनौतियां केवल विपक्ष से नहीं मिलती बल्कि अपने अंदर से भी खड़ी होती हैं। और उनका सबसे बेहतर इलाज अंदर से ही सम्भव है। आजकल भाजपा से ठाकुरों की नाराजगी का प्रचार प्रसार बड़े जोर शौर से किया जा रहा है। विपक्षी दल इसे खूब हवा दे रहे हैं। इसमें सच्चाई कितनी है ,इसका पता तो चुनाव परिणामों के बाद चलेगा लेकिन अभी तो उम्मीदवारों को डराने के लिए काफी है। भाजपा ने इसके निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की तीन सभाएं कराई हैं। एक कहावत है कि जहां चम्मच से काम चल जाय , वहां चाकू का प्रयोग न करें। लेकिन भाजपा ने तो तोप ही चला दी। अब तो सम्भवतः बहुत सारी भ्रांतियां समाप्त हो गई होंगी। और समाज का मत बड़ी संख्या में भाजपा को मिलेगा ही।

वैसे गाजियाबाद के भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने पूर्व सांसद रमेशचन्द्र तोमर से क्षत्रिय समाज में फैली इस भ्रांति का निराकरण करने के लिए कमान संभालने का अनुरोध किया। तोमर साहब ने भी इसको स्वीकार कर इस पर कार्य प्रारम्भ कर दिया है। मैं तोमर साहब को इसके लिए साधुवाद देता हूँ। वैसे भाजपा संगठन ने क्षत्रिय समाज के कई लोगों को संगठन में महत्वपूर्ण सम्मान दिया है। उनकी संगठन के बहुत सारे महत्वपूर्ण फैसलों में निर्णायक भूमिका है। वे संगठन के कर्ताधर्ता माने जाते हैं। मंचों पर लगने वाले बैनरों में भी उनके बड़े बड़े फोटो शोभा बढ़ाते हैं। उन्हें देश के प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के साथ मंच साझा करने के सम्मान मिलते हैं ।फिर वे क्यों नहीं आगे बढ़कर इन चचाओं को विराम लगाने के लिए अग्रसर होते ? क्यों भाजपा संगठन इन लोगों को ये जिम्मेदारी नहीं सौंपती कि वे अपने समाज में भाजपा के बारे में फैलाई गई भाँतियों का निराकरण करें? अगर उनमें इतनी क्षमता नहीं है तो फिर इतना बड़ा सम्मान क्यों और क्षमता है तो उसका उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है?

## बता रहा है प्रधानमंत्री से बात करने का ये अंदाज

### कुछ तो बड़ा मिलेगा और नहीं होंगे जनरल साहब नजर अंदाज

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कई बार शब्द नहीं बोलते लेकिन तस्वीरें बोलती हैं। कई बार जुबान खामोश होती है लेकिन अंदाज बोलते हैं। यहां जिक्र एक तस्वीर का है और ये तस्वीर 6 अप्रैल को गाजियाबाद में हुए प्रधानमंत्री के रोड शो की है। इस तस्वीर में पूर्व केन्द्रीय मंत्री निवर्तमान लोकसभा सांसद जनरल वीके सिंह प्रधानमंत्री से मिल रहे हैं। यहां पर मुलाकात का एक अंदाज है और ये अंदाज बता रहा है कि भले ही जनरल वीके सिंह लोकसभा चुनाव ना लड़ रहे हों लेकिन



उनको नजरअंदाज नहीं किया जायेगा और वो कुछ तो बड़ा लेकर आयेंगे। जनरल वीके सिंह इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और अक्सर ये चर्चा चलती है कि उनको किसी राज्य का गर्वनर बनाया जायेगा। फिलहाल वो उत्तराखण्ड में स्टॅार प्रचारक के रूप में काम कर रहे हैं। तस्वीरों की बयानी ये कहानी पता लग रही है कि हाथों में हाथ हैं और नजरों से नजरों का संवाद है। तस्वीर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी खड़े हैं। लेकिन प्रधानमंत्री से हाथों में हाथ लेकर आई कान्टेक्ट के साथ बात करने का ये अंदाज जनरल वीके सिंह का है। इस अंदाज ने कई राजनीतिक समीकरण को जन्म दिया है। वो प्रधानमंत्री के साथ रोड शो में है और अब ये चर्चा है कि ऐसे ही हाथों में हाथ नहीं है कुछ तो खास बात है। वैसे भी जनरल वीके सिंह राजनीति से अलग कई विषयों में विशेष योग्यता रखते हैं। देश की सेना के प्रमुख रहे हैं और उनकी योग्यताओं पर किसी को शक ही नहीं है। मुलाकात जब हुई है तो मुलाकात के अंदाज बता रहे हैं कि जनरल साहब नजर अंदाज नहीं होंगे। वो किसी बड़ी जिम्मेदारी को संभालेंगे और फिर से उनके वहीं अंदाज होंगे।

# मतदान बढ़ाने के लिए आज और कल होगी वॉकथान

## सैकड़ों लोगों की रहेगी दौड़ में भागीदारी

### डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क साहिबाबाद और इंदिरापुरम के स्वर्ण जयंती पार्क से जागरूकता दौड़ की होगी शुरुआत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मतदान हो रहा है और मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रशासन लगातार कई प्रयास कर रहा है। इसी के साथ दो दिन स्वीप की टीम चार-चार किलोमीटर की वॉकथान का आयोजन कर मतदाताओं को जागरुक कर रही है। 4 किलोमीटर की पहली दौड़ 20 अप्रैल को डॉ राम मनोहर लोहिया साहिबाबाद से प्रारंभ होगी। इसके जरिये एक लंबी दूरी और इलाके को कवर करना रहेगा। वहीं इसी के साथ 21 अप्रैल को इंदिरापुरम के स्वर्ण जयंती पार्क से भी एक वॉकथान का आयोजन किया जाएगा। स्वीप के प्रभारी अभिनव गोपाल ने बताया है कि इसका मकसद मतदान को बढ़ाना और मतदाताओं में जागरूकता लाना है।





## 2 घंटे की दौड़ में शामिल होंगे सैकड़ों लोग

करंट क्राइम : वॉकथान का मकसद गाजियाबाद लोकसभा सीट में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना है। साथ ही मतदाताओं को जागरूक करना भी इस वॉकथान का उद्देश्य है। स्वीप के प्रभारी आइएएस अभिनव गोपाल ने कहा है कि 20 और 21 अप्रैल को जो वॉकथान आयोजित की जानी है वह है सवेरे 6 :00 बजे से लेकर 8 :00 बजे तक होगी। जिस पर सैकड़ो लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इसमें शामिल होने वाले धावक अलग-अलग पोस्ट, शर्ट मैसेज और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से मतदान करने की अपील भी करेंगे।

**वॉकथान का समय प्रात: 6:00 से 8:00 बजे होगा**

# कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या पर हंगामा

## भाजपा ने सरकार को घेरा, सत्ता दल ने किया पलटवार

**बेंगलुरु।** हुबली के बीवीबी कॉलेज में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या पर राजनीति जारी है। यह मुद्दा कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक घमासान में तब्दील हो गया है। भाजपा राज्य सरकार पर लगातार निशाना साध रही है। उसका कहना है कि राज्य में कानून व्यवस्था नहीं है, जबकि सत्तारूढ़ दल का कहना है कि हर मामले पर राजनीति करना जरूरी नहीं है।




### मामले की जांच जारी

छात्रा की हत्या पर हुबली-धारवाड़ पुलिस कमिश्नर रेणुका सुकुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।उन्होंने कहा, 'इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपी को भी एक घंटे के भीतर पकड़ लिया गया था। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह बहुत गंभीर मामला है और हम जांच कर रहे हैं। जांच के दौरान सब कुछ सामने आ जाएगा।'

### कई जगह हो रहे विरोध- प्रदर्शन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और हिंदुत्व संगठनों से जुड़े अन्य संगठनों ने न्याय की मांग करते हुए विरोध- प्रदर्शन किया और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की। कई अन्य स्थानों पर भी इसी तरह के विरोध- प्रदर्शन की खबरें हैं।

### लव जिहाद होने का संदेह

केंद्रीय मंत्री और धारवाड़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी ने संदेह जताया कि इस घटना के पीछे लव जिहाद हो सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की राजनीति बंद करने और एक समुदाय विशेष के साथ विशेष व्यवहार करने का अनुरोध करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन में कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ रही है.

### इसलिए मारा चाकू

हालांकि, गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि अभी तक 'लव जिहाद' का कोई पहलू नहीं है। उन्होंने कहा, 'मेरी जानकारी के मुताबिक वे दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे। बताया जा रहा है कि लड़के ने लड़की को चाकू मार दिया क्योंकि उसने उससे दूरी बनाने की कोशिश की थी। लव जिहाद का पहलू अभी नजर नहीं आ रहा है। उसे डर था कि वह किसी और से शादी कर सकती है, लेकिन अभी तक ज्यादा जानकारी नहीं है।'

तुमकुरू में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं तो भाजपा नियमित रूप से कांग्रेस पर आरोप लगाती है जो सही नहीं है। सरकार कानून के अनुसार ऐसी घटनाओं को नियंत्रित करेगी, लेकिन चुनाव के समय हर चीज को राजनीतिक पहलुओं से देखना सही नहीं है। वे (भाजपा) एक निश्चित तरीके से जांच करने और कुछ धाराओं को लागू करने का निर्देश नहीं दे सकते। सबूतों के आधार पर पुलिस धाराएं लगाएगी।

**कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारा कर्तव्य :** सीएम सिद्धारमैया ने कहा, 'जो भी हत्या हुई वह व्यक्तिगत कारणों से हुई। कर्नाटक में कानून-व्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी है। हम फिर से आपको बता दें कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।'

### कानून अपना काम करेगा

उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, 'भाजपा यह दिखाकर धमकाने की कोशिश कर रही है कि कर्नाटक में कानून व्यवस्था नहीं है। कर्नाटक में सबसे अच्छी कानून व्यवस्था है। वे सिर्फ मतदाताओं को यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि वे राज्य में राज्यपाल शासन लगाने जा रहे हैं।

### यह है हत्या से जुड़ा पूरा मामला

हुबली से यह सनसनीखेज बीते गुरुवार को सामने आया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने कथित तौर पर युवती को प्रपोज किया था। लेकिन छात्रा ने उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया था। जिसके बाद उसने उस पर पांच-छह बार चाकू से हमला किया। पुलिस ने बताया कि कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा (23 वर्षीय) एमसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। आरोपी फैयाज (23) ने एमसीए की पढ़ाई बीच में छोड़ दी थी। पुलिस के मुताबिक, इस घटना के सिलसिले में आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

# आईपीएस अधिकारी नलिन प्रभात एनएसजी के चीफ नियुक्त

● 2028 तक संभालेंगे जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी नलिन प्रभात को आतंकरोधी बल एनएसजी (नेशनल सिक्योरिटी गार्ड) का चीफ नियुक्त किया गया है। नलिन प्रभात साल 1992 बैच के आंध्र प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं और फिलहाल सीआरपीएफ के अतिरिक्त डायरेक्टर जनरल पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।



### साल 2028 तक पद पर रहेंगे

केंद्र सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति (अउउ) ने नलिन प्रभात की नियुक्ति को मंजूरी दी। वह अपना पद संभालने के बाद 31 अगस्त 2028 तक एनएसजी के डीजी पद पर रहेंगे। ब्लैक कैट के नाम से पहचाने जाने वाले आतंकरोधी बल एनएसजी को साल 1984 में गठित किया गया था। एनएसजी आतंकवाद और अपहरण विरोधी अभियानों के लिए बनाया गया विशेष बल है। मुंबई में 26/11 के हमले के दौरान भी एनएसजी ने अहम भूमिका निभाई थी। सशस्त्र सीमा बल के चीफ दलजीत सिंह चौधरी एनएसजी चीफ का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

### आईबी में विशेष निदेशक पद पर हुई नई तैनाती

कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने खुफिया ब्यूरो के स्पेशल डायरेक्टर पद पर सपना तिवारी की नियुक्ति को भी मंजूरी दी है। सपना तिवारी भी 1992 बैच की ओडिशा कैडर की आईपीएस अधिकारी हैं। फिलहाल सपना तिवारी आईबी में अतिरिक्त निदेशक के पद पर तैनात हैं। सपना तिवारी की नियुक्ति दो साल के लिए हुई है और वे 30 अप्रैल 2026 तक इस पद पर रहेंगी।

# एलोपैथी पर टिप्पणी का मामला: बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- सभी शिकायतकर्ताओं को बनाएं पक्षकार

**नई दिल्ली।** बाबा रामदेव ने कोविड महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाईयों को लेकर की गईं कथित टिप्पणियों के मामले में आपराधिक कार्रवाई पर रोक की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की हुई है। शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को उनके खिलाफ शिकायत करने वाले सभी शिकायतकर्ता को मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया है।



### बाबा रामदेव के बयान के खिलाफ दर्ज हुईं कई शिकायतें

पटना और रायपुर के आईएमए ने साल 2021 में बाबा रामदेव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि बाबा रामदेव की कथित टिप्पणियों से लोगों को एलोपैथिक दवाईयों से मोहभंग हुआ और लोगों ने सही से इलाज नहीं कराया। इसकी वजह से भी कोरोना को नियंत्रित करने में भी परेशानी हुई। बाबा रामदेव की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने को कहा। कोर्ट ने मामले पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी है।

बिहार सरकार की तरफ से कोर्ट में पेश हुए वकील ने कहा कि उन्हें इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। बाबा रामदेव ने अपनी याचिका में केंद्र सरकार, बिहार सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और आईएमए को पक्षकार बनाया हुआ है। बाबा रामदेव ने साल 2021 में अपने एक बयान में कहा था कि वे एलोपैथिक दवाओं पर विश्वास नहीं करते हैं। बाबा रामदेव के बयान से नाराज होकर उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे। योग गुरु ने अपने खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही की जांच पर रोक लगाने की मांग की है।

# बंगाल के राज्यपाल ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए कालीघाट मंदिर में की प्रार्थना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार सुबह कोलकाता के प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर में पहुंचकर उत्तर बंगाल की तीन लोकसभा सीटों पर हो रहे चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रार्थना की। इसके बाद राज्यपाल राजभवन में खोले गए पीस रूम (शांति कक्ष) में बैठकर सुबह से ही तीनों लोकसभा क्षेत्रों कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार के घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं।

कालीघाट मंदिर से निकलते समय राज्यपाल ने पत्रकारों से कहा कि वे आज पूरे दिन भर पीस रूम में ही रहेंगे और घटनाक्रम पर नजर रखेंगे। मैं पीस रूम में लोगों के लिए ईमेल और टेलीफोन पर चौबीसों घंटे उपलब्ध हूं। राजभवन के पीस रूम को इन तीनों क्षेत्रों से छिटपुट हिंसा, मतदान में बाधा, धमकियां आदि संबंधी लगातार शिकायतें भी मिल रही है। राजभवन के अधिकारी ने बताया कि पीस रूम को इन तीनों क्षेत्रों से सुबह 10 बजे तक 100 से अधिक शिकायतें मिल चुकी है। दरअसल, राज्य में चुनावी हिंसा को देखते हुए मतदाताओं में विश्वास जगाने के लिए राज्यपाल ने मतदान के दिन कूचबिहार में डेरा डालने की योजना बनाई थी, क्योंकि इस निर्वाचन क्षेत्र में पिछले विधानसभा और पंचायत चुनावों में हिंसा के सबसे ज्यादा मामले सामने आए थे।




हालांकि, चुनाव आयोग ने बुधवार को राज्यपाल को मतदान के दिन वहां के दौरे पर नहीं जाने की सलाह दी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने कूचबिहार के दौरे को टाल दिया और राजभवन से ही नजर रख रहे हैं। आयोग ने उन्हें ईमेल भेजकर कहा था कि मतदान के दिन उनकी यात्रा से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा।

# वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी संभालेंगे नए नौसेना प्रमुख की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी नए नौसेना प्रमुख होंगे। वह इस महीने के अंत में एडमिरल आर हरि कुमार की जगह लेंगे। अपने 30 साल लंबे करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं देने के बाद अब एडमिरल दिनेश नौसेना के शीर्ष पद पर सेवाएं देने को तैयार हैं। त्रिपाठी वर्तमान में नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख हैं।



**सन 1964 में हुआ था जन्म :** वाइस एडमिरल त्रिपाठी का 15 मई 1964 को जन्म हुआ था। एक जुलाई 1985 में वह भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ वाइस एडमिरल त्रिपाठी का करीब 30 वर्ष का लंबा करियर रहा है।

आईएनएस विनाश की संभाल चुके हैं कमान : नौसेना के उप प्रमुख का पद संभालने से पहले वह पश्चिमी नौसैन्य कमान के फ्लैट ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रह चुके हैं। उन्होंने आईएनएस विनाश की भी कमान संभाली थी। इसके अलावा, रियर एडमिरल के तौर पर वह ईस्टर्न फ्लीट के फ्लैट ऑफिसर कमांडिंग रह चुके हैं। वहीं, वह भारतीय नौसेना अकादमी एझिमाला के कमांडेंट भी रह चुके हैं।

# मार्च में 154 फीसदी बढ़ीं नौकरियां



**नई दिल्ली।** देश के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में इस साल मार्च में भर्ती में 154 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें 64 फीसदी के साथ दूरसंचार क्षेत्र शीर्ष पर बना हुआ है। क्वेस कॉर्प की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, लाइटनिंग व ऑटोमोटिव क्षेत्र क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स भर्ती मांग में 33 फीसदी हिस्सेदारी के साथ तमिलनाडु शीर्ष पर है।

**64 फीसदी के साथ शीर्ष पर बना है दूरसंचार क्षेत्र :** भर्ती के मामले में कर्नाटक, उत्तर प्रदेश व तेलंगाना क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा है। महिलाएं अब इस उद्योग के कुल रोजगार का 78 फीसदी हिस्सा हैं। कुछ में यह 80 फीसदी तक है।

# ब्रह्मोस मिसाइलों का पहला सेट फिलीपींस रवाना

● दो साल पहले हुआ था 375 मिलियन डॉलर का सौदा

**नई दिल्ली।** भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों की आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके तहत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों का पहले सेट फिलीपींस रवाना कर दिया गया है। दोनों देशों के बीच 2022 में इस हथियार प्रणाली को लेकर 375 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा हुआ था। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) मिसाइलों के साथ अपना उ-17 ग्लोबमास्टर मालवाहक विमान फिलीपींस भेज रही है। मिसाइलों को फिलीपीन मरीन कॉर्प्स को सौंपा जाएगा।



सूत्रों ने बताया कि हथियार प्रणालियों को समुद्री मार्ग से भी पहुंचाया गया था, जहां मालवाहक जहाजों को किराए पर लिया गया था। उन्होंने बताया कि मिसाइलों के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली के लिए जमीनी प्रणाली का निर्यात पिछले महीने ही शुरू हो गया था। फिलीपींस को यह मिसाइल प्रणाली ऐसे समय में मिल रही है, जब दक्षिण चीन सागर में लगातार होने वाली झड़पों के कारण उसका चीन के साथ तनाव बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की तीन बैटरियों को फिलीपींस अपने तटीय क्षेत्रों में तैनात करेगा, ताकि क्षेत्र में किसी भी खतरे से बचाव किया जा सके। मिसाइल कार्यक्रम के भागीदार देशों से कई अनुमदनों के बाद इस सौदे को मंजूरी दी गई।

# मतदान के दौरान गोलीबारी, राजनीतिक दलों के एजेंटों की मिली धमकी

### अज्ञात हथियारबंद लोगों ने की फायरिंग

**इंफाल।** आंतरिक मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान दो पूर्वी और तीन पश्चिमी इंफाल के कुल पांच मतदान केंद्रों से गोलीबारी की घटना सामने आई है। बिष्णुपुर जिले के मोइरंग निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत थामनापोक्पी में एक हथियारबंद व्यक्ति ने मतदान केंद्र के पास हवा में गोलीबारी शुरू कर दी। इसे देखते हुए वहां मौजूद मतदाता डर से भाग गए। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना पाकर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया।

अज्ञात हथियारबंदों ने विभिन्न मतदान केंद्रों में एक विशेष राजनीतिक दल के एजेंटों को धमकी भी दी। पश्चिमी इंफाल जिले के उरीपोर और इरोइशेम्बा में हथियारबंद लोगों ने एजेंटों को मतदान केंद्र के परिसर से चले जाने के लिए कहा। इस धमकी से नाराज इरोइशेम्बा के मतदाताओं ने मतदान केंद्र में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे।




### मतदाताओं और हथियारबंद लोगों के बीच झड़प

पूर्वी इंफाल जिले के कीराव निर्वाचन क्षेत्र में हथियारबंद लोगों ने हवा में फायरिंग भी की। शुक्रवार की सुबह खोंगमान जोन 4 में मतदाताओं और हथियारबंद लोगों के बीच झड़प हो गई। कुकी बहुल विधानसभा क्षेत्रों में एक बजे तक बहुत ही कम मतदाता मतदान करने आए। एक अधिकारी ने बताया कि कांगपोकपी जिले के सैतु और सैकुल निर्वाचन क्षेत्रों में क्रमशः 13.22 प्रतिशत और 8.58 प्रतिशत मतदान हुआ। चुराचांदपुर में 43.67 प्रतिशत मतदान हुआ।

नागा और कुकी बहुल चंदेल निर्वाचन क्षेत्र में 68.63 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, मैतेई बहुत आउटर मणिपुर के क्षेत्रों में कुकी बहुल क्षेत्रों की तुलना में अधिक मतदान दर्ज किया गया।

# 'ऐसा होगा, मैंने उम्मीद नहीं की थी', ईरान द्वारा जब्त जहाज से लौटी महिला क्रू ने बताई आपबीती

**त्रिशूर।** बीते दिनों ईरान द्वारा बंधक बनाए गए जहाज की महिला क्रू सदस्य एन टेसा जोसेफ हाल ही में भारत लौट आई हैं। एना ने अपनी सुरक्षित वापसी के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय को धन्यवाद दिया और ये भी कहा कि भारत सरकार अन्य सदस्यों को भी छुड़ाने की कोशिश कर रही है।



### एन टेसा जोसेफ ने विदेश मंत्रालय को दिया धन्यवाद

एन टेसा जोसेफ ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में कहा कि 'मुझे कई लोगों को धन्यवाद देना है। सबसे पहले इतनी जल्दी रिहाई के लिए मैं विदेश मंत्रालय की आभारी हूं और इसके अलावा उन लोगों की , जिन्हें मैं नहीं जानती, लेकिन उन्होंने मेरी रिहाई में मदद की। मैं उन सभी को धन्यवाद देती हूं।' जोसेफ ने कहा कि 'मैंने कभी ऐसी उम्मीद नहीं की थी कि ऐसा कुछ होगा। मुझे पता था कि लड़ाई चल रही है, लेकिन ऐसा होने की उम्मीद नहीं थी। हमारा जहाज जब्त किया गया, लेकिन जिन लोगों ने जहाज जब्त किया, उन्होंने पूरे क्रू का अच्छे से ख्याल रखा। खाने आदि की कोई दिक्कत नहीं हुई। हम मेस में खाना बना सकते थे, लेकिन खाना खाने के बाद वापस अपने केबिन में जाना होता था। उन्होंने हमें कोई नुकसान नहीं पहुंचाया।'

जोसेफ ने कहा कि 'जहाज पर मेरे समेत केरल के चार लोग थे। अब 16 भारतीय अभी भी वहां हैं। जब कल उन्होंने भारतीय अधिकारियों से बात की तो उन्हें बताया गया था कि जल्द ही बाकी लोगों को भी छोड़ दिया जाएगा। क्रू सदस्यों की रिहाई के लिए भारत सरकार कड़ी मेहनत कर रही है। ईरान स्थित दूतावास लगातार जहाज पर मौजूद भारतीय क्रू के संपर्क में है। क्रू सदस्यों की सेहत ठीक है और वो लोग अपने परिजनों के संपर्क में हैं।'

### इस्राइल-ईरान के बीच तनाव जारी

इस्राइल और ईरान के बीच तनाव गहराया हुआ है। ईरान का आरोप है कि दमिश्क में उसके दूतावास पर हुए हमले के पीछे इस्राइल है। उस हमले में ईरानी सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। इस हमले से नाराज होकर ईरान ने ओमान की खाड़ी से गुजर रहे एक इस्राइली जहाज पर कब्जा कर लिया था। इस जहाज पर मौजूद क्रू में 17 भारतीय थे, जिनमें से एक महिला क्रू सदस्य एन टेसा जोसेफ की सुरक्षित वापसी के बाद अब क्रू के 16 सदस्य ईरान के कब्जे में हैं। बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर जबरदस्त हवाई हमला भी किया।

# घर पर 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला का वोट लेने पहुंचे अधिकारियों पर कार्रवाई, चार निलंबित

**केरल।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक महोत्सव की शुरूआत शुक्रवार को हो गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए शुक्रवार को मतदान हो रहा है। पहले दौर के चुनाव में 21 राज्यों की कुल 102 सीटों पर वोटिंग हो रही है। पहली बार बुजुर्गों के लिए घर पर मतदान की सुविधा प्रदान की है। हालांकि, उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में 92 वर्षीय एक महिला के घर पर मतदान प्रक्रिया में कथित रूप से बाहरी हस्तक्षेप को रोकने में विफल रहने पर चार मतदान अधिकारियों को सेवा से निलंबित कर दिया गया है।



जिला कलेक्टर अरुण के विजयन ने कल्लियास्सेरी ग्राम पंचायत में हुई घटना के संबंध में विशेष मतदान अधिकारी, मतदान सहायक माइक्रो ऑब्जर्वर, विशेष पुलिस अधिकारी और वीडियोग्राफर को निलंबित कर दिया।

जिला कलेक्टर ने 92 वर्षीय देवी के लोकतांत्रिक अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए 18 अप्रैल को उनके आवास पर स्थापित मतदान केंद्र पर उनके मतदान में कथित रूप से हस्तक्षेप करने के लिए गणेशन नाम के एक व्यक्ति के खिलाफ जांच की भी सिफारिश की। कन्नूर जिले का कल्लियासेरी विधानसभा क्षेत्र कासरगोड लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है।

कांग्रेस ने गणेशन पर माकपा कार्यकर्ता होने का आरोप लगाया जबकि भाजपा ने आरोप लगाया कि यह चुनाव में बाधा डालने का प्रयास है। वाम दल ने आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'जब देवी के घर पर मतदान किया गया था, तो यह देखा गया कि बाहरी हस्तक्षेप किया गया था। कल्लियास्सेरी उप-मतदान अधिकारी ने अवैध रूप से काम करने वाले व्यक्ति और मतदान अधिकारियों के खिलाफ कन्नपुरम पुलिस स्टेशन में शिकायत दी थी।'

वहीं, सीसीटीवी फुटेज में व्यक्ति कथित तौर पर मतदान प्रक्रिया में हस्तक्षेप करते हुए दिखाई दे रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपी गई रिपोर्ट में, जिला कलेक्टर ने कहा कि गणेशन ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (मतदान की गोपनीयता बनाए रखना) की धारा 128 (1) का उल्लंघन करते हुए मतदान प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया था। जिला कलेक्टर की रिपोर्ट में उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई और

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...














### लोकसभा चुनाव का पहला चरण

## 59.7% मतदान होने का अनुमान



**पहले चरण में कुल 102 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में मतदान शाम 6 बजे मतदान का सिलसिला खत्म हो गया। फिलहाल मतदान केंद्रों में मतदाताओं का प्रवेश रोक दिया गया है। छह बजे के पहले मतदान केंद्रों में प्रवेश करने वाले मतदाताओं को वोटिंग करने की इजाजत है। पहले चरण में कुल 102 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। पहले चरण में शाम को 5 बजे तक 59.7 प्रतिशत औसत मतदान होने का अनुमान है। दोपहर 3 बजे तक 49।9 फीसदी मतदान हुआ था। दोपहर 1 बजे तक कुल 39.9 फीसदी मतदान हुआ था। मध्य प्रदेश में दोपहर 1 बजे तक 44 फीसदी मतदान हुआ जबकि उत्तराखंड में दोपहर एक बजे तक डाले गए वोट का प्रतिशत जम्मू-कश्मीर में 43.1, त्रिपुरा में दोपहर एक बजे तक 53 फीसदी, महाराष्ट्र में 32 फीसदी, पश्चिम बंगाल में 51 फीसदी, छत्तीसगढ़ में 41.5 फीसदी रहा। वहीं, सुबह 11 बजे तक राजस्थान में 22.51 प्रतिशत मतदान हुआ था। जबकि, सिक्किम की 32 विधानसभा सीटों और एकमात्र लोकसभा सीट पर 4.64 लाख मतदाताओं में से 21.2 प्रतिशत से अधिक ने शुक्रवार सुबह 11 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इससे पहले पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में वोटिंग के दौरान पथराव की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि चंदामारी इलाके में पथराव किया गया है। इस पत्थरबाजी में एक इखढ कार्यकर्ता घायल हो गया है। लोकसभा चुनावों के तहत आज पहले चरण के तहत 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग जारी है। महाराष्ट्र के नागपुर में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मतदान किया। पहले चरण में वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए वह मतदान केंद्र से बाहर निकले।

## मतदान में अब दिन बाकी रह गये हैं चार और चढ़ेगा सियासी पारा

### लगेगा पूरा जोर और फिजा में गूंजेगा हर दल का नारा

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी रण अब अपने रोमांच की ओर बढ़ रहा है। कुछ उम्मीदवार देहात से होते हुए अब शहर की ओर आ रहे हैं। और कुछ उम्मीदवार शहर भ्रमण करने के बाद अब देहात में डेरा डाल रहे हैं। गाजियाबाद में 26 अप्रैल को मतदान होना है। अगर देखा जाये तो अब मतदान के लिए चार दिन ऐसे हैं जब चुनावी जोर लगेगा। सियासी पारा बढ़ेगा और हर दल यहां पर अपने अपने पक्ष में स्टॉर प्रचारक लायेगा। भले ही मौसम का पारा हाई हो लेकिन इस पारे पर चुनाव के सियासी पारे का दबाव ज्यादा रहेगा। उम्मीदवार पूरा जोर लगायेंगे। समर्थक अलग-अलग टोलियों में गली मौहल्लों में फैल जायेंगे। आज से चुनावी तापमान बढ़ना शुरू हो जायेगा। अलगे चार दिन तक ऐडी चोटी का जोर लगेगा और हर उम्मीदवार अपने पक्ष में रोड शो से लेकर जनसभाएं करेगा।

### भाजपा उम्मीदवार के लिए पीएम और सीएम आ चुके हैं गाजियाबाद में



करंट क्राइम। भाजपा ने यहां से शहर विधायक अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। अतुल गर्ग ने पहले दिन से ही अपने चुनावी मैनेजमेंट को साधकर देहात क्षेत्र में पसीना बहाया है। वो लोनी से लेकर धौलाना तक प्रचार में हैं वो देहात से लेकर शहर तक चुनावी बयार में हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि भाजपा यहां शुरूआती दौर में ही उस चेहरे को ले आई जिसे भाजपा का सबसे बड़ा स्टॉर प्रचारक कहा जाता है। ये चेहरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 अप्रैल को गाजियाबाद में भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग को साथ लेकर रोड शो कर चुके हैं। इसके अलावा यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोड शो से लेकर जनसभाएं कर चुके हैं। वो ठाकुर बैल्ट धौलाना में जनसभा कर चुके हैं। भाजपा यहां विजयनगर क्षेत्र में फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत को बुला रही है। भोजपुरी गायक मनोज तिवारी चुनाव प्रचार में हैं और रेल मंत्री पियूष गोयल भी चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं। इसके अलावा लगातार भाजपा की बैठकें चल रहीं हैं और भाजपा यहां पीएम सीएम के साथ अपने चुनाव प्रचार को पूरी धार दे रही है।

### कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा के लिए राहुल से लेकर प्रियंका तक लगेगा जोर



करंट क्राइम। कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा का ये तीसरा बड़ा चुनाव है। वो इससे पहले मेयर और लोकसभा का चुनाव लड़ चुकी हैं। पार्टी ने तीसरी बार भी उन पर भरोसा जताया है। कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा के पक्ष में राहुल गांधी आ चुके हैं। उन्होंने चुनाव प्रचार तो नहीं किया लेकिन मीडिया को सम्बोधित किया। गठबंधन धर्म में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी आये। बताया जाता है कि प्रियंका गांधी भी यहां रोड शो करेंगी। यहां पर डॉली शर्मा ने अपने चुनाव को एक सधे हुए तरीके से उठाया है। एक बेहतरीन चुनावी फाईट देने के अंदाज में वो प्रचार कर रहीं हैं। यहां समाजवादी पार्टी के नेताओं को भी साथ लेकर चल रही हैं। कांग्रेस का प्रचार अब और अधिक धार पकड़ेगा। उसके कई नेता यहां चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं।

### कितना माईलेज देगा ठाकुर लॉबी का सपोर्ट और बसपा का कैडर वोट

**करंट क्राइम।** बसपा ने यहां से नन्दकिशोर पुण्डीर को चुनावी मैदान में उतरा है। कल उनके पक्ष में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने के लिए बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती आ रहीं हैं। मायावती यहां पर गाजियाबाद से बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुण्डीर और बागपत से बसपा उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करेंगी। यहां पर बसपा उम्मीदवार ठाकुर नन्द किशोर पुण्डीर ने ठाकुर बैल्ट में उनकी भगवा नाराजगी का माईलेज लेने का प्रयास किया है। उन्होंने यहां लगातार डेरा डाल कर प्रचार किया है। अब ये देखना है कि ठाकुरों की नाराजगी और बसपा के कैडर वोट का माईलेज उन्हें कितना मिलता है। बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद यहां पहले ही कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करके गये हैं। अब रविवार को मायावती आ रहीं हैं। बसपा का हाथी भी यहां पूरा जोर लगा रहा है।

**साईकिल और हैंडपम्प वालों का सपोर्ट करेगा डॉयवर्ट कितना वोट :** चुनावी रण में सभी दल अपने अपने बल पर चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन यहां चुनावी गठबंधन की बात करें तो कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी है और भाजपा ने रालोद को अपना सियासी सहयोगी बनाया है। अब ये देखने की बात है कि सपा और रालोद का सपोर्ट उनके कितने वोट को डॉयवर्ट करता है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद मलिम, सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी, सपा के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, रालोद के अजयवीर चौधरी, अमरजीत बिड्डी, इन्द्रजीत सिंह टीटू जैसे नेताओं के बूथ पर भी ये निगाह रहेगी कि वो अपने सहयोगी दल को कितना मजबूत कर पाये हैं।

## इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने धौलाना विधानसभा क्षेत्र का किया धुआंधार दौरा

### डासना में निकला भव्य रोड शो, डॉली शर्मा ने लोगों से हाथ जोड़कर वोट देने की अपील की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने धौलाना विधानसभा क्षेत्र का धुआंधार दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों यथा- खिचरा, नगला गांव, देहरा गांव, नारायणपुर, सपनावत, बझेड़ा गांव, इकलौड़ी, पष्पा, सामना, लालपुर, सौलाना, इकला और डासना आदि का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की गारंटी कार्ड के बारे में लोगों को बताया और खुद के समक्ष भरवाया।

### हमारी सरकार आई तो किसानों के कर्ज माफ होंगे

किसान न्याय की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जब सत्ता में आएगी तो किसानों के कर्ज माफ होंगे। एमएसपी की गारंटी मिलेगी और खेती से जुड़े फसल उत्पादों पर से जीएसटी हटाई जाएगी। वहीं श्रमिक न्याय की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा में भी न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन की जाएगी। वहीं, युवा न्याय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हर शिक्षित युवा की पहली नौकरी पक्की होगी और 1 लाख रुपये का वेतन उन्हें दिया जाएगा।

### गरीब परिवार की महिला को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये देंगे

नारी न्याय की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हर गरीब परिवार की महिला को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपये दिए जाएंगे। वहीं, हिस्सेदारी न्याय की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर वर्ग और हर व्यक्ति की गिनती की जाएगी। कहीं-कहीं पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग की कोरोनाकालीन कमियों की ओर इशारा किया और योगी-मोदी सरकार के जुमलों की भी खिल्ली उड़ाई।

### डॉली शर्मा ने डासना में किया रोड शो



डासना में उन्होंने एक रोड शो भी किया। जो डासना में नाले के पुल से शुरू होकर मीठा कुआं, पुरानी पैठ, दुधिया पीपल, कुरेशीयान से होकर एनएच 24 इन्डेन गैस एजेन्सी के कट से होते हुए मसूरी में आयशा पब्लिक स्कूल वाले रास्ते से सलामतुल्ला गेट और वहां से मसूरी-गुलावठी रोड तक गई। रोड शो में ढोल-नगाड़े भी बज रहे थे। कार्यकर्ताओं के लगभग दर्जनाधिक वाहनों के काफिले के साथ सैंकडों लोग पैदल चल रहे थे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन व पूर्व विधायक असलम चौधरी, सोशल आउटरीच के धौलाना अध्यक्ष व धौलाना विधानसभा कार्यालय प्रभारी कुलदीप उर्फ दीपक आत्रे, पिलखुवा कार्यालय प्रभारी संजय शर्मा गुड्डू, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा, अश्विनी कौशिक, वहीद मेम्बर आदि मौजूद रहे।



## 439 दिव्यांग और 85 प्लस वाले कर चुके हैं अब तक मतदान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोकसभा चुनाव 2024 में अब तक 85 प्लस और दिव्यांग व्यक्ति मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह है। इसी उत्साह का नतीजा है कि गाजियाबाद लोकसभा सीट पर अब तक 439 वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन मतदान कर चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर पोस्ट वैलेट प्रभारी एसडीएम एलए के नेतृत्व में लोकसभा की विभिन्न विधानसभाओं में 1025 इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट, 88 सर्विस वोटर और 337 पोस्टल बैलेट जारी किया गया जा चुका है। जिसमें से मोदीनगर का 183 और अब तक कुल 439 दिव्यांग और 85 आयु वर्ष वाले मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। इसमें धौलाना और मोदीनगर विधानसभा के वोटर भी शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि अभी मतदाताओं के लिए दो दिन का समय और है, वह मतदान कर सकते हैं।

## मायावती की 21 अप्रैल की रैली को लेकर पुलिस हुई अलर्ट

### सीपी संग पुलिस अधिकारियों ने किया रामलीला मैदान कवि नगर का निरीक्षण







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 21 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती की कवि नगर रामलीला मैदान में रैली और जनसभा होनी है। जनसभा के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के प्रशासनिक अधिकारियों ने अनुमति प्रदान कर दी है। इसी कड़ी में बुधवार की शाम पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र सिंह, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव सहित यहां पुलिस बल और खुफिया दस्ता पहुंचा था। जानकारी है कि यहां मायावती 21 अप्रैल को करीब 12:30 से जनसभा को संबोधित करेंगी। मायावती के प्रोटोकॉल के अनुरूप यहां पर व्यवस्था और सुरक्षा का खाखा तैयार किया जाना शुरू कर दिया गया है। वहीं बसपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में 50 हजार से ज्यादा की भीड़ आने की उम्मीद है। जिसके लिए टेंट और कुर्सी की व्यवस्था शुरू कर दी गई हैं।

### सिटी जोन और लाइन के फोर्स के हवाले रहेगी सुरक्षा की कमान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में मायावती का गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंदर पहला कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

इस कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए बुधवार को खुद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र और एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी पहुंचे। इसके साथ ही अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मायावती के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती दी जानी है। जिसके लिए नगर जोन के अंतर्गत आने वाले छह थानों की फोर्स और महिला थाने के साथ ही लाइन के रिजर्व फोर्स की यहां तैनाती की दी जाएगी।

### डॉग स्क्वायड और बम निरोध दस्ता भी करेगा जांच

**करंट क्राइम :** पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए जाएंगे। इसके लिए यहां पर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा रहेगा। साथ ही दो दिन तक यहां बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड भी सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगा। साथ ही खुफिया विभाग और थाना पुलिस भी अलर्ट मोड पर रहेगी।

### कवि नगर रामलीला मैदान में ही उतरेगा मायावती का हेलीकॉप्टर

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने बुधवार की शाम यहां पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य इंतजामात का जायजा लिया है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती का हेलीकॉप्टर कवि नगर रामलीला मैदान में ही हेलीपैड बना कर उतर जाएगा। इससे पहले भी मायावती यहां कई चुनावी सभा संबोधित कर चुकी हैं।

## संपादकीय

# वीवीपैट का दायरा बढ़ाने की जरूरत

अभी हर विधानसभा क्षेत्र से 7 ईवीएम की वीवीपैट पर्चियां मिलान के लिए ली जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हर वोट के मिलान की मांग की गई है। दिक्कत यह है कि वीवीपैट की पर्चियों के मिलान में वक्त लगता है। लेकिन सवाल चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता का हो तो वक्त कोई मसला नहीं होना चाहिए। देश में 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले सात चरणों का मतदान शुरू हो गया। शुक्रवार को पहले चरण की वोटिंग के लिए सारी तैयारियां हो चुकीं। लेकिन दिलचस्प है कि मतदान से ठीक पहले तक सुप्रीम कोर्ट में चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता से जुड़े मामले पर सुनवाई होती रही। मसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में डाले गए वोटों के वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों से मिलान का है। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। निश्चित रूप से मुद्दा अहम है और पुराना भी। वीवीपैट के जरिए वोटिंग की शुरुआत 2004 के लोकसभा चुनावों में हुई थी। तब से सरकारें बदलती रहीं, लेकिन एश्ट की गड़बड़ियों के आरोप लगते रहे। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी कि बैलट पेपर की ओर वापसी का विकल्प नहीं है। लेकिन उसने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और उसकी विश्वसनीयता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। वीवीपैट की विश्वसनीयता के सवाल से जूझते हुए ही 2013 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से वीवीपैट लाया गया। इससे मतदाताओं को यह देखने का मौका मिलता है कि उनका वोट उसी को गया है जिसे वह देना चाहते थे। इसने निश्चित रूप से एश्ट की विश्वसनीयता बढ़ाने वाले एक टूल के रूप में अपनी जगह बनाई है, लेकिन विवाद का कोई सर्वमान्य हल उसके बाद भी नहीं निकल सका।

2019 के लोकसभा चुनावों से पहले यह मामला एक बार फिर जोरदार ढंग से उठा। तब सुप्रीम कोर्ट में पिटिशन के जरिए मांग की गई कि हर लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जाए। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट का कहना था कि अगर बिना किसी तय आधार के यूं ही चुन लिए गए 479 ईवीएम का वीवीपैट से मिलान किया जाता है तो 99 फीसदी सटीक नतीजे आ सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि वह इससे आठ गुना ज्यादा एश्ट लेता है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट मिलान का दायरा पांच गुना और बढ़ाने को कहा। बावजूद इसके, मामला अभी भी फंसा हुआ है। अभी हर विधानसभा क्षेत्र से 5 ईवीएम की वीवीपैट पर्चियां मिलान के लिए ली जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हर वोट के मिलान की मांग की गई है। दिक्कत यह है कि वीवीपैट की पर्चियों के मिलान में वक्त लगता है। लेकिन सवाल चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता का हो तो वक्त कोई मसला नहीं होना चाहिए। यूं भी 2004 में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया तीन सप्ताह में पूरी हुई थी। इस बार उसके लिए छह सप्ताह का वक्त लिया जा रहा है। जब वोटिंग में इतना समय लिया गया तो थोड़ा वक्त काउंटिंग में भी लगने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। बेहतर होगा चुनाव आयोग अपनी तरफ से वीवीपैट मिलान का दायरा बढ़ाने पर विचार करे।

# चीन, यूएई, रूस और सिंगापुर में भारत का निर्यात बढ़ा




**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की ओर से बीते सोमवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि हाल ही में समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का कुल निर्यात, माल और सेवाएं संयुक्त रूप से 776.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर काफी हद तक स्थिर है।

चीन, रूस, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर उन देशों की सूची में शामिल हैं जहां हाल ही में समाप्त वित्त वर्ष में भारत का निर्यात काफी बढ़ा है। भारत के निर्यात के लिहाज से शीर्ष 10 देशों में की सूची में अन्य नाम ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका हैं। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से बीते सोमवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि हाल ही में समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का कुल निर्यात, माल और सेवाएं संयुक्त रूप से 776.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

जो सालाना आधार पर काफी हद तक स्थिर है। इस दौरान वस्तुओं का निर्यात 3.1 प्रतिशत घटकर 437.06 अरब डॉलर और सेवाओं का निर्यात 4.4 प्रतिशत बढ़कर 339.62 अरब डॉलर रहा। मार्च 2024 में निर्यात की बात करें तो व्यापारिक निर्यात 0.7 प्रतिशत घटकर 41.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर और सेवा निर्यात 6.3 प्रतिशत घटकर 28.54 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत का कुल निर्यात 2022-23 में 775.87 अरब अमेरिकी डॉलर का था। उस दौरान निर्यात में वार्षिक आधार पर लगभग 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 14 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि आई थी। आयात की बात करें तो 2023-24 में भारत का कुल आयात 4.8 प्रतिशत घटकर 854.80 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। मार्च 2024 में वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में क्रमशः 5.41 प्रतिशत और 2.46 प्रतिशत की गिरावट आई।

सरकार ने बीते वर्षों में निर्यात को बढ़ावा देने और आयात में कमी लाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन कदमों में इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू करना शामिल था।

ये कदम इस लिए भी उठाया गया ताकि भारतीय निमार्ताओं को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके, निवेश आकर्षित किया जा सके, निर्यात बढ़ाया जा सके, भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत किया जा सके और आयात पर निर्भरता कम की जा सके। ऐसा लग रहा है कि सरकार की ओर से उठाए गए कदम धीरे-धीरे ही सही पर परिणाम ला रहे हैं।

# एक मई से दिल्ली-दुबई रूट पर ए-350 विमान तैनात करेगी एयर इंडिया



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया का अ-350 विमान हर दिन रात 08:45 बजे दिल्ली से टेक ऑफ करेगा और रात 10:45 बजे दुबई में लैंड करेगा। अगले दिन दोपहर 12:45 पर विमान दुबई से प्रस्थान करेगा और शाम 04:55 पर दिल्ली पहुंचेगा। अगर आप दिल्ली से दुबई के बीच यात्रा करने जा रहे हैं, तो यह आपके काम की खबर है।

एयर इंडिया द्वारा 1 मई से दिल्ली दुबई रूट पर अ-350 विमान को संचालित किया जाएगा। एयरलाइन ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि एयर इंडिया का अ-350 विमान हर दिन रात 08:45 बजे दिल्ली से टेक ऑफ करेगा और रात 10:45 बजे दुबई में लैंड करेगा। अगले दिन दोपहर 12:45 पर विमान दुबई से प्रस्थान करेगा और शाम 04:55 पर दिल्ली पहुंचेगा। क्या हैं अ-350 विमान की खूबियां एयर इंडिया द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि अ-350 विमान में बिजनेस क्लास में फुल-फ्लैट बेड के साथ 28 निजी सुइट्स मौजूद होंगे।

इसके अलावा प्रीमियम इकोनॉमी में 24 सीटें और इकोनॉमी में 264 सीटें होंगी। बता दें कि एयर इंडिया ने इस साल अ-350 विमानों को शामिल करना शुरू कर दिया है। पांच शहरों से दुबई के लिए हर सप्ताह 72 उड़ानें एयर इंडिया ने 40 अ-350 विमानों का ऑर्डर दिया है।

# चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ने भारत में पहली बार शुरू की भर्ती, गवर्मेंट रिलेशंस हेड का किया चयन

**नई दिल्ली।** ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार माइक्रोसॉफ्ट के निवेश वाली कंपनी ओपनएआई ने प्रज्ञा मिश्रा को भारत में पब्लिक पॉलिसी अफेयर्स और साझेदारियों से काम के नेतृत्व करने के लिए हायर किया है।

चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई ने भारत में कर्मचारियों की हायरिंग शुरू कर दी है। कंपनी ने अपने पहले कर्मचारी को काम पर रख लिया है। उन्होंने एक गवर्मेंट रिलेशंस हेड की नियुक्ति की है।

माइक्रोसॉफ्ट के निवेश वाली कंपनी ओपनएआई ने प्रज्ञा मिश्रा को भारत में पब्लिक पॉलिसी अफेयर्स और साझेदारियों से काम के नेतृत्व करने के लिए हायर किया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार मामले की जानकारी रखने वाले एक शख्स ने नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर बताया कि कंपनी ने प्रज्ञा मिश्रा की नियुक्ति को अंतिम रूप दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, 39 वर्षीय मिश्रा इससे पहले ट्रूकॉलर एबी और मेटा प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक) में काम कर चुकी हैं। अब वे इस महीने के अंत में ओपनएआई के साथ नई शुरूआत करेंगी। भारत में हायरिंग की खबरों पर चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई और उसके प्रतिनिधियों की ओर से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। प्रज्ञा मिश्रा ने भी इस बारे में लिंक्डइन पर भेजे गए एक संदेश का फिलहाल जवाब नहीं दिया है। मिश्रा इससे पहले स्टॉकहोम की कॉन्टैक्ट वेरिफिकेशन फर्म ट्रूकॉलर में पब्लिक अफेयर्स विभाग के प्रमुख के तौर पर काम कर रही थीं।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। पर, धैर्यशीलता में कमी रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में विदेश जाने के योग हैं।

**वृष:** आत्म संयत रहें। बेकार के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। सेहत के प्रति सचेत रहें। किसी संपत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**मिथुन:** मन शांत तो रहेगा, फिर भी भावनाओं को वश में रखें। संतान सुख में वृद्धि होगी। पर, जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में लाभ के मौके मिलेंगे।

**कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। पर बेकार के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में रहेंगे। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। खान-पान में रुचि रहेगी। नौकरी में बदलाव के योग है।

**तुला:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। पर, धैर्यशीलता में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग हैं। उच्च पद की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। परिवार में शांति बनाए रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**धनु:** मन अशांत रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के मौके मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग हैं। शासन का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में विदेश जाने के योग हैं। आय मे वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। परिश्रम बढ़ेगा।

**मीन:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में संयत रहें। सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। लेखन कार्यों के अच्छे परिणाम मिलेंगे।

## चुटकुले

गोलू आईने में देखने के बाद सोचने लगा...यार इसको कहीं देखा है...
काफी देर टेंशन में सोचने के बाद बोला..अरे ये तो वही है जो उस दिन मेरे साथ बाल कटवा रहा था।

---

पिता- तू फेल कैसे हो गया?
बेटा- पेपर में सवाल ही ऐसे-ऐसे आए थे, जो मुझे पता नहीं थे।
पिता- फिर उत्तर कैसे लिखे?
बेटा- मैंने भी उत्तर ऐसे-ऐसे लिखे, जो मास्टर को भी पता नहीं थे।

---

महिला घर में पुराने कागजात देख रही थी,
तभी उसके हाथ में पति का स्कूल रिपोर्ट कार्ड आया।
नंबरों के नीचे चरित्र प्रमाण पत्र पढ़कर पत्नी अभी तक बेहोश है...
लिखा था – मधुरभाषी एवं शांतिप्रिय छात्र!

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं.
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं.
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है.
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है.
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या.
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था.
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है.
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है.
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है.
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

# शिशु उत्पादों की गुणवत्ता पर केंद्र सरकार सख्त

### रिपोर्ट के बाद सीसीपीए ने उठाया यह कदम

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों की सचिव और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की प्रमुख निधि खरे ने कहा है कि हमने नेस्ले के शिशु उत्पादों पर आई रिपोर्ट पर संज्ञान लेने के लिए एफएसएसएआई को पत्र लिखा है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने भी रिपोर्ट का संज्ञान लिया है और एफएसएसएआई को नोटिस जारी किया है। उपभोक्ता संरक्षण नियामक सीसीपीए ने खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से स्विट्जरलैंड के एक गैर सरकारी संगठन पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के उस दावे की जांच करने को कहा है जिसके अनुसार नेस्ले भारत जैसे कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही है।

उपभोक्ता मामलों की सचिव और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की प्रमुख निधि खरे ने कहा, हमने नेस्ले के शिशु उत्पादों पर आई रिपोर्ट पर संज्ञान लेने के लिए एफएसएसएआई को पत्र लिखा है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने भी रिपोर्ट का संज्ञान लिया है और एफएसएसएआई को नोटिस जारी किया है।

स्विस एनजीओ, पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) की जांच के निष्कर्षों के अनुसार, नेस्ले यूरोप के बाजारों की तुलना में भारत, अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों में अपने शिशू उत्पादों को चीनी की अधिक मात्रा के साथ बेचता है। इस मामले में गुरुवार को नेस्ले इंडिया ने कहा था कि उसने कभी अपने उत्पादों में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया है और उसने पिछले पांच वर्षों में भारत में शिशु खाद्य उत्पादों में चीनी की मात्रा में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। नेस्ले इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, अतिरिक्त चीनी की मात्र में कमी नेस्ले इंडिया की प्राथमिकता है। पिछले 5 वर्षों में, हमने पहले ही वैरिएंट के आधार पर अपने उत्पादों में अतिरिक्त चीनी की मात्र को 30 प्रतिशत तक कम कर दिया है।

नेस्ले के प्रवक्ता ने कहा, हम इससे कभी समझौता नहीं करेंगे। हम यह भी सुनिश्चित करते हैं कि भारत में निर्मित हमारे उत्पाद अतिरिक्त चीनी सहित सभी पोषक तत्वों की जरूरत से जुड़ी कोडेक्स मानकों (डब्ल्यूएचओ और एफएओ द्वारा स्थापित एक आयोग) और स्थानीय नियमों (आवश्यकतानुसार) का पूर्ण और सख्त अनुपालन करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, नेस्ले का गेहूं आधारित उत्पाद सेरेलक छह महीने के बच्चों के लिए ब्रिटेन और जर्मनी में बिना चीनी के बेचा जाता है, लेकिन भारत से मिले 15 सेरेलक उत्पादों में औसतन प्रति सर्विंग 2.7 ग्राम अतिरिक्त चीनी होती है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

## परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

20 04 2024

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



गजेंद्र वर्मा
गायक



नीलम श्रीवास्तव, अशोक कसाना, अमित बघेल, गौरव त्यागी, क्षितिज शर्मा, राजेश वर्मा, प्रवीण शर्मा, रोहित गर्ग, वीरेंद्र, राहुल सिंह, नितिन त्यागी, भूपेंद्र भारद्वाज, अमित त्यागी, रोबिन सिंह, सोनू त्यागी, रिंकू बंसल, डीएस मलिक

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# रोहित ने इस सीजन पावरप्ले में छह टीमों से ज्यादा छक्के लगाए

● पोलार्ड को भी इस मामले में पीछे छोड़ा



**मुल्लांपुर।** आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की टीम जीत की पटरी पर वापस आ चुकी है। शुरूआती लगातार तीन मैच गंवाने के बाद मुंबई ने दो मैच जीते। हालांकि, उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद गुरुवार को मुंबई की टीम ने पंजाब किंग्स पर नौ रन से जीत हासिल की। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 192 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 25 गेंद में दो चौके और तीन छक्के की मदद से 36 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 144 का रहा। तीन छक्के लगाने के साथ ही रोहित ने कुछ खास रिकॉर्ड्स भी अपने नाम किए। रोहित इस सीजन पावरप्ले में अब तक 13 छक्के लगा चुके हैं। यह छह टीमों द्वारा पावरप्ले में लगाए गए छक्कों से ज्यादा है। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 12 छक्के, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 11-11 छक्के, गुजरात टाइटंस ने 10 छक्के, राजस्थान रॉयल्स ने छह छक्के और पंजाब किंग्स ने चार छक्के लगाए हैं। रोहित ने इस सीजन शुरूआती छह ओवरों में जितने छक्के लगाए हैं, उतने राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स की टीम ने मिलकर पावरप्ले में नहीं लगाए। रोहित द्वारा पावरप्ले में खेली गई यही आक्रामक पारियों की बदौलत मुंबई ने जीत हासिल की है ।तीन छक्के लगाने के साथ ही हिटमैन मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। वह अब तक इस लीग में मुंबई इंडियंस के लिए 224 छक्के जड़ चुके हैं। उन्होंने इस मामले में कीरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ दिया। पोलार्ड ने मुंबई के लिए इस लीग में 223 छक्के जड़े हैं। तीसरे नंबर पर 104 छक्कों के साथ हार्दिक पांड्या और चौथे नंबर पर 103 छक्कों के साथ ईशान किशन हैं। 36 साल की उम्र में जिस तरह से रोहित बाउंड्री क्लीयर कर रहे हैं, शायद ही इस वक्त दुनिया में उनसे बेहतर ओपनर या हिटर होगा। रोहित मुंबई इंडियंस से 2011 में जुड़े थे। इससे पहले वह डेक्कन चार्जर्स की टीम में थे। वहां उन्होंने 51 छक्के लगाए थे। कुल मिलाकर रोहित इस लीग में 275 छक्के लगा चुके हैं। रोहित फिलहाल इस सीजन सात मैचों की सात पारियों में 49.50 की औसत और 164.09 के स्ट्राइक रेट से 297 रन बना चुके हैं। वह ऑरेंज कैप की रेस में फिलहाल तीसरे नंबर पर हैं। हिटमैन ने अब तक इस सीजन 30 चौके और 18 छक्के लगाए हैं। 18 में से 13 छक्के उन्होंने पावरप्ले में जड़े हैं। ऑरेंज कैप की लिस्ट में पहले नंबर पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने सात पारियों में 72.20 की औसत और 147.35 के स्ट्राइक रेट से 361 रन बनाए हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर रियान पराग हैं।

# पंजाब के खिलाफ जीत के बावजूद हार्दिक कर बैठे यह बड़ी गलती

● रेफरी ने ठोक दिया लाखों रुपये का जुर्माना



**मुल्लांपुर।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के 33वें मैच में आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुमार्ना लगाया गया है। मुंबई फ्रेंचाइजी की कप्तानी कर रहे हार्दिक निर्धारित समय में गेंदबाजी के 20 ओवर पूरे करने में विफल रहे और इसलिए, उन पर 12 लाख का जुमार्ना लगाया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में इसकी पुष्टि की। यह पहला मौका था जब हार्दिक ओवर-रेट मानदंडों को पूरा करने में विफल रहे, इसलिए केवल 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। बीसीसीआई ने बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुमार्ना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने 18 अप्रैल को पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति को बनाए रखा। आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था। इसलिए हार्दिक पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। अगर इस गलती को दोहराया गया तो हार्दिक और मुंबई इंडियंस के अन्य खिलाड़ी बड़ी मुसीबत में फंस सकते हैं। मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को नौ रन से शिकस्त दी। मुल्लांपुर में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 192 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 25 गेंद में दो चौके और तीन छक्के की मदद से 36 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 53 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 78 रन की पारी खेली। वहीं, तिलक वर्मा 18 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 34 रन बनाकर नाबाद रहे। हर्षल पटेल ने तीन और कप्तान सैम करन ने दो विकेट झटके।

जवाब में पंजाब की टीम 19.1 ओवर में 183 रन पर सिमट गई। पंजाब के लिए आशुतोष शर्मा ने 28 गेंद में दो चौके और सात छक्के की मदद से 61 रन और शशांक सिंह ने 25 गेंद में दो चौके और तीन छक्के की मदद से 41 रन की पारी खेली। इसके अलावा पंजाब का कोई बल्लेबाज 21 रन से ज्यादा नहीं बना सका। मुंबई की ओर से गेराल्ड कोएत्जी और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए। आकाश मधवाल, हार्दिक पांड्या और श्रेयस गोपाल को एक-एक विकेट मिला।


# पंजाब के युवा जोश आशुतोष पर भारी पड़ा मुंबई का अनुभव, अंतिम ओवरों में बुमराह-कोएत्जी ने किया कमाल



**चंडीगढ़।** आईपीएल 2024 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को नौ रनों से हराकर अंक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त कर लिया। अब टीम के खाते में छह अंक हो गए हैं जबकि पंजाब की टीम चार अंकों के साथ नौवें स्थान पर बनी है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 192 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब की टीम 183 रन बना सकी और 19.1 ओवर में ऑलआउट हो गई। मुंबई के लिए गेराल्ड कोएत्जी और जसप्रीत बुमराह ने घातक गेंदबाजी की। दोनों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। बुमराह को उनकी घातक गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पंजाब का शीर्ष क्रम फेल हुआ 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरूआत झटकों के साथ हुई। टीम ने 14 गेंदों के स्कोर पर चार विकेट खो दिए थे। पांचवां झटका हरप्रीत सिंह के रूप में लगा जो सिर्फ 13 रन बना सके। इस मैच में सैम करन ने छह, प्रभसिमरन सिंह ने शून्य, रिली रूसो ने एक, और लियाम लिविंगस्टोन ने एक रन बनाया। इस मैच में हरप्रीत सिंह और शशांक सिंह के बीच 35 रन की साझेदारी हुई। शशांक दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 41 रन बनाने में कामयाब हुए। आशुतोष शर्मा ने जड़ा पचासा मुंबई के खिलाफ आशुतोष शर्मा ने आक्रामक प्रदर्शन किया। उन्होंने मात्र 28 गेंदों में 61 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 217.85 के स्ट्राइक रेट से दो चौके और सात छक्के लगाए। यह उनके करियर का पहला अर्धशतक है। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। इस मैच में जितेश शर्मा ने नौ, हरप्रीत बराड़ ने 21, कगिसो रबाडा ने आठ और हर्षल पटेल ने एक (नाबाद) रन बनाए। मुंबई के लिए आकाश मधवाल, हार्दिक पांड्या और श्रेयस गोपाल को एक-एक विकेट मिला। सूर्या का रहा दबदबा टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 192 रन बनाए। इस मैच में सूर्यकुमार यादव ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने आईपीएल करियर का 23वां अर्धशतक लगाया। 360 डिग्री बल्लेबाज ने सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 78 रन बनाए। मुंबई को पहला झटका ईशान किशन के रूप में लगा जो सिर्फ आठ रन बना सके। उन्हें रबाडा ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए सूर्या ने रोहित के साथ दूसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी निभाई। रोहित शर्मा ने 25 गेंदों में 36 रन बनाए। अपने 250वें आईपीएल मैच में उन्होंने दो चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बाद सूर्या ने तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी निभाई। उन्हें सैम करन ने 148 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हार्दिक पांड्या कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। वह सिर्फ 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मैच में टिम डेविड ने 14 रन, रोमारियो शेफर्ड ने एक रन और मोहम्मद नबी बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। हर्षल पटेल को मिले सबसे ज्यादा विकेट पंजाब के खिलाफ तिलक वर्मा ने भी आक्रामक पारी खेली। उन्होंने 188.88 के स्ट्राइक रेट से 34 रन बनाए। इस नाबाद पारी के दौरान उनके बल्ले से दो चौके और दो छक्के निकले। आखिरी ओवर में हर्षल पटेल ने कहर बरपाया। उन्होंने तीन विकेट चटकाए। पंजाब के लिए इस मैच में उन्होंने सबसे ज्यादा विकेट लिए। सैम करन ने दो विकेट चटकाए जबकि कगिसो रबाडा को एक सफलता मिली।

# धाविका शालू चौधरी को क्लीन चिट, डीएनए टेस्ट से नमूना दूषित होने का खुलासा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थी। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था। आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिंक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा ,



मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाये है जिससे अपीली पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले। इसने कहा , नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है। खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पधाओं में उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किये जाते हैं। पैनल ने 18 अप्रैल को आदेश दिये जाने के दस दिन के भीतर डीएनए टेस्ट पर हुआ डेढ लाख रुपए का खर्च भी चौधरी को भुगतान करने का नाडा को निर्देश दिया।

# डग आउट में बैठे डेविड के इशारे पर सूर्या ने मांगा डीआरएस



**मुल्लांपुर।** आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की पंजाब किंग्स पर नौ रन से जीत के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में हार्दिक पांड्या की टीम पर 'डीआरएस में चीटिंग' करने का आरोप लगा है। वीडियो में मुंबई के खिलाड़ी टिम डेविड को डगआउट से डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) लेने के लिए इशारा करते देखा गया, लेकिन उन्हें जल्द ही समझ आया कि वह स्क्रीन पर हैं। ऐसे में डेविड हाथ छुपाते दिखे। इसके बाद मैदान पर मौजूद बल्लेबाज डीआरएस की मांग करता दिखा। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे मुंबई इंडियंस के खिलाफ बेईमानी के आरोप लगे हैं। इस वीडियो में पंजाब किंग्स के कार्यवाहक कप्तान सैम करन मैदानी अंपायर से भी यही शिकायत करते दिख रहे हैं। दरअसल, अर्शदीप सिंह बल्लेबाजी कर रहे सूर्यकुमार यादव को ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ की गेंद फेंकते हैं। गेंद सूर्या की पहुंच से काफी दूर होता है। हालांकि, अंपायर इसे वाइड करार नहीं देते हैं। इसके बाद बड़ी स्क्रीन पर डेविड को डीआरएस के लिए इशारा करते दिखाया जाता है। इसके बाद करन अंपायर को दिखाने की कोशिश करते हैं कि डग आउट की ओर से इशारा किया जा रहा है, लेकिन उनकी बातों को अनसुना कर देता है। डेविड को डीआरएस के लिए इशारा करते देख स्ट्राइक पर मौजूद सूर्या अंपायर से डीआरएस की मांग करते हैं और अंपायर वाइड के लिए डीआरएस लेते हैं। हालांकि, मुंबई की टीम पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। करन की शिकायत के बावजूद डीआरएस लिया गया और रिव्यू के बाद थर्ड अंपायर ने इसे वाइड करार दिया। अंपायर के इस फैसले ने फैंस को निराश किया और वह इस सीजन अंपायरिंग के स्तर पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कुछ पूर्व क्रिकेटर भी पिच पर इस तरह की संदिग्ध हरकतों से नाराज दिखे। कमेंटेटर मुरली कार्तिक ने कहा- क्या वाकई ऐसा हो रहा है? सूर्या पहले से ही ऑफ स्टंप के बाहर खड़े थे। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी ने भी सोशल मीडिया पर अंपायरिंग के स्तर पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'समय आ गया है कि हम स्पेशलिस्ट तीसरे अंपायर को रखने पर विचार करें जिससे कई फैसले संदिग्ध न हों। कुछ अंपायर मैदान पर बेहतर तरीके से फैसला देते हैं। तीसरे अंपायर को अनुभव और एक अच्छे स्किल की आवश्यकता होती है।

# विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के लिए ठोस नींव तैयार कर रहा है हॉकी इंडिया



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व गोलकीपर भरत छेत्री ने जमीनी स्तर पर ड्रैग फ्लिकरों और गोलकीपरों को तैयार करने पर जोर देने के लिये शुक्रवार को हॉकी इंडिया की तारीफ की। छेत्री समेत भारत के पूर्व गोलकीपर और ड्रैग फ्लिकर देश भर में राष्ट्रीय अकादमियों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का संचालन करेंगे। इनमें एड्रियन डिसूजा, योगिता बाली, हेलेन मेरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकते और पीटी राव शामिल हैं। वहीं ड्रैग फ्लिकरों में रूपिंदर पाल सिंह, गुरजिंदर सिंह, वी आर रघुनाथ और जसप्रीत कौर का चयन किया गया है। छेत्री ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , भारतीय हॉकी के भविष्य के लिये जमीनी स्तर पर निवेश बहुत जरूरी है। गोलकीपरों और ड्रैग फ्लिकरों के लिये विशेष ट्रेनिंग के जरिये हॉकी इंडिया इन भूमिकाओं के लिये विश्व स्तरीय प्रतिभाओं के उदय होने की ठोस नींव तैयार कर रहा है। हॉकी इंडिया राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग की भी शुरूआत कर रहा है जिसका पहला चरण 30 अप्रैल से नौ मई तक रांची में खेला जायेगा। इसके बारे में छेत्री ने कहा , यह भारतीय खेलों के लिये अहम पल है। घरेलू स्तर पर महिला खिलाड़ियों को इतना बड़ा मंच देकर हॉकी इंडिया अगली पीढी के सितारे तैयार कर रहा है। मुझे यकीन है कि यह लीग असंख्य लड़कियों को हॉकी स्टिक उठाने के लिये प्रेरित करेगी।

# दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की चुनौती



**हैदराबाद।** मैदान के भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवन का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिये अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिये यह बेहद भावुक पल होगा। पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आये थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूनार्मेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है। ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा। सनराइजर्स के ट्रेविस हेड (235 रन) 39 मैच में शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं। वहीं अभिषेक शर्मा ने भी 211 रन बना लिये हैं। दोनों पावरप्ले में आक्रामक प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। दोनों का स्ट्राइक रेट 199 और 197 रहा है जो ईशांत शर्मा, खलील अहमद और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के लिये कड़ी चुनौती होगा।

# गुकेश को फिर संयुक्त बढत प्रज्ञानानंदा और गुजराती दौड़ से बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट में संयुक्त बढत बना ली लेकिन आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती 12वें दौर के बाद दौड़ से बाहर हो गए। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोज अलीरजा को हराया।

गुकेश और नकामूरा अब रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ शीर्ष पर है जिन्होंने प्रज्ञानानंदा से ड्रॉ खेला। इन तीनों के 7 . 5 अंक हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि गुजराती के पांच अंक है। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूनार्मेंट के दो दौर बाकी हैं और उनके लिये शीर्ष तीन में जगह बनाना नामुमकिन है। अलीरजा और अबासोव के 4 . 5 अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा से ड्रॉ खेला। रूस की कैटरीना लागनो ने चीन की टी लेइ को ड्रॉ पर रोका। भारत की कोनेरू हम्पी ने रूस की अलेक्जेंड्रा गारियाश्किना से ड्रॉ खेला जबकि आर वैशाली ने यूक्रेन की अन्ना एम को हराया। तान के आठ अंक है और लेइ उनसे आधा अंक पीछे हैं। हम्पी , लागनो और गोरियाश्किना छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। वैशाली 5 . 5 अंक के साथ छठे स्थान पर है। सत्रह वर्ष के गुकेश कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 1959 में बॉबी फिशर सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे जिन्होंने यह टूनार्मेंट खेला।

# लखनऊ के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स



**लखनऊ।** आईपीएल 2024 के 34वें मैच में आज लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) का सामना डिफेंडिंग चैंपियंस चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से है। यह मुकाबला लखनऊ के होम ग्राउंड इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। लखनऊ की टीम जहां अपने पिछले दोनों मैच हार चुकी है, वहीं चेन्नई की टीम ने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं और आज जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी। चेन्नई की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि लखनऊ की टीम पांचवें स्थान पर है। लखनऊ सुपर जाएंट्स के सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम शानदार फॉर्म में है और लखनऊ के लिए उन्हें हराना आसान नहीं होगा। लखनऊ बनाम चेन्नई हेड टु हेड दोनों टीमों के आंकड़े देखें तो चेन्नई और लखनऊ के बीच अब तक कुल तीन मुकाबले खेले गए हैं। एक मैच चेन्नई और एक मैच लखनऊ ने जीता है, जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा। इकाना स्टेडियम में अब तक दोनों टीमों के बीच सिर्फ एक मुकाबला हुआ, जो बारिश से धुल गया और कोई नतीजा नहीं निकल सका। चेन्नई ने अब तक इस सीजन छह में से चार मैच जीते हैं और दो में उन्हें हार मिली है, जबकि लखनऊ ने छह में से तीन मैच जीते हैं और तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। चेन्नई के गेंदबाज शानदार फॉर्म में लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीशा पथिराना को डेथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। वहीं, मुस्ताफिजुर रहमान के पास कम से कम तीन वेरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रवींद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं। लखनऊ में महीश तीक्ष्णा के रूप में एक अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है।

लखनऊ का औसतन स्कोर बेहद कम लखनऊ में इस सत्र में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रन रहा है जो दूसरे मैदानों से कम से कम 15 रन कम है। लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव पिछले दोनों मैचों में पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण नहीं खेल सके। उन्होंने अभ्यास शुरू किया और उनकी रफ्तार चेन्नई के बल्लेबाजों के लिये चुनौतीपूर्ण हो सकती है, लेकिन देखना यह है कि वह आज खेल पाते हैं या नहीं। स्पिन में रवि बिश्नोई ने किफायती स्पेल फेंके हैं, लेकिन वेरिएशन के अभाव के कारण अभी तक छह मैचों में चार ही विकेट ले सके। बिश्नोई और चेन्नई के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे की टक्कर देखने लायक होगी। लखनऊ के प्रमुख बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक लगातार दो अर्धशतकों के बाद पिछले तीन मैचों में कुछ खास नहीं कर सके। थाला से फैंस को काफी उम्मीद इंपैक्ट प्लेयरह्व के नियम के कारण क्रुणाल पांड्या सातवें नंबर पर उतर रहे हैं और छह मैचों में 41 गेंद ही खेल सके। उनका पूरा इस्तेमाल नहीं करने का खामियाजा भी टीम को भुगतना पड़ा है। कप्तान राहुल भी 204 रन ही बना सके और अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। निकोलस पूरन ने छह मैचों में 19 छक्के लगाए हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद होगी। वहीं, फैंस की नजर एक बार फिर थाला महेंद्र सिंह धोनी पर होगी, जिन्होंने मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में चार गेंद पर तूफानी 20 रन बनाए थे।

# चुनावी सीजन में आई पशु तस्करों की शामत, मुठभेड़ के बाद दो गिरफ्तार

## सुबह चेकिंग के दौरान हुई थी पुलिस और तस्करों की मुठभेड़





### शुक्रवार को लेकर हो रही थी चेकिंग

**करंट क्राइम।** एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को थाना मसूरी क्षेत्र में पुलिस शांति व्यवस्था और आगामी चुनाव के मद्देनजर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सफेद रंग की एक पिकअप वैन में दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने जब उसे चेकिंग के लिए रोकने की कोशिश की तो पिकअप सवार फरार होने लगे। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस पर फायरिंग भी की। पशु कटान के उपकरण भी बरामद हुए हैं। वहीं पुलिस ने पीछा किया और जवाबी फायरिंग में एक बदमाश शहजाद उर्फ छोलसिया मुठभेड़ में घायल हुआ है। वहीं, दूसरे बदमाश सद्दाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शहजाद के खिलाफ पहले से 6 मुकदमे दर्ज हैं वहीं सद्दाम पर भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो तमंचे कारतूस पिकअप गाड़ी 800 किलो अवैध भैंस का मांस और पशु कटान के उपकरण बरामद किए हैं।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना मसूरी में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है।

मसूरी थानाक्षेत्र में पुलिस चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान एक पिकअप वैन को जब रोकने की कोशिश की तो पिकअप चालक वाहन को मोड़कर पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने भी पीछा किया और जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हुआ है। कुल दो बदमाश पकड़े गए हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से दो तमंचे, तीन कारतूस, एक पिकअप गाड़ी, 8 क्विंटल अवैध मांस और पशु कटान के उपकरण बरामद किए हैं।

## 198 सर्विस मतदाता, पोस्टल बैलेट से हुआ मतदान

**गाजियाबाद।** जिले में अभी तक हुए मतदान में कुल 198 सर्विस मतदाता और पोस्ट बैलेट से वोट देने वाले मतदाताओं ने मतदान किया है। इसके अलावा घर-घर जाकर वोट कराने वालों में दो दिनों में कुल 285 लोगों ने मतदान किया है। बैलेट पेपर से वोट देने वालों में सबसे अधिक मोदीनगर में मतदान हुआ है। पोस्टल बैलेट प्रभारी शैलेंद्र कुमार भाटिया ने बताया कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है, वह 21 अप्रैल तक वोट दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा पुलिसकर्मी, होमगार्ड, पीएसी, चुनाव में लगे वाहन के ड्राइवर, कंडक्टर, क्लीनर, चुनाव ड्यूटी में लगे हैं और वह मतदानकर्मी जिनकी ड्यूटी गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के बाहर लगी हुई है, वह बैलेट पेपर के जरिये मतदान कर सकते हैं। इसके अलावा ऐसे मतदान कर्मी जिनकी ड्यूटी गाजियाबाद लोकसभा में लगी है और वह यहीं के मतदाता हैं, उनके लिए चुनाव ड्यूटी प्रमाणपत्र (ईडीसी) जारी किए जा रहे हैं।

# मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कार्यकर्ताओं से साथ किया जनसम्पर्क

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को वसुंधरा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। जिसमे मुख्यरूप से वसुंधरा मंडल संयोजक पूर्व विधायक रूप चौधरी, मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, स्वच्छता अभियान की सयोजक मीना कौशिक मुकेश पाल, अशोक पांडे, मदन विष्ट, अनिता शर्मा, सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर मीना कौशिक ने समन्वयक रूप चौधरी मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा सहित सभी कार्यकताओं का स्वागत किया और अपने निवास के नीचे प्रचार अभियान की गाड़ी के साथ क्षेत्र में प्रचार किया। इस मौके पर रूप चौधरी ने वैशाली सेक्टर 6 में मीणा कौशिक के समर्थकों के साथ वैशाली सेक्टर 6 के सेंट्रल पार्क में जाकर इस बार 400 पर का लक्ष्य लगाकर हाथ में क्रिकेट लेकर





चौके छक्के भी जड़े। मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसम्पर्क किया गया है जिसमे वसुंधरा सेक्टर-15,17, 10 के साथ वैशाली सेक्टर 6 सहित मंडल के हर वार्ड में लोगों से जनसम्पर्क किया जा रहा है इस बार वसुंधरा मंडल से भाजपा लोकसभा प्रत्यशी अतुल गर्ग को रिकॉर्ड तोड़ मतो से जीत कर भेजे गए। इस मौके पर हिमांशु गिरी, मुकेश कुमार पॉल, राजबाला शर्मा, वीना खन्ना, शीला भारती, अनिता सिंह, रामचन्द्र तिवारी, शेखर त्यागी आदि मौजूद रहे।।

## योग्य सरकार चुनने के लिए अधिक से अधिक मतदान करें



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मतदान की इस प्रणाली पर आधारित समाज व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार प्रदान किया जाये। मताधिकार सम्पादन, जिस देश में जितने ही अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त रहता है उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है।



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कौशांबी जयपुरिया एनक्लेव में भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल पूजा मेहरा, मंत्री ममता त्रिपाठी, कामिनी भदोरिया, रेनू मल्होत्रा, रश्मि जैन, चारु गोयल, एसआर सिंह, अजय गुप्ता, उमा मेहरा सहित क्षेत्र के अन्य निवासी उपस्थित रहे। इस मौके पर मनोज गोयल ने लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

## आधा दर्जन चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद


**लोनी करंट क्राइम।** लोनी पुलिस ने मोबाइल टावर से आरआरयू आदि कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह के पांच बदमाश गिरफ्तार किए हैं। जबकि अंकुर विहार पुलिस ने घर से चोरी करने वाले एक बदमाश को चोरी की गई नगदी और गहनों के साथ गिरफ्तार किया है। एसीपी लोनी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि गुरुवार को लोनी तिराहे के पास लगे एक एअरटेल के मोबाइल टावर से दो आरआरयू चोरी कर लिए गए थे। लोनी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को टावर चोर सरफराज, आसिफ, शाहरुख, शानू तथा अरसलान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए दोनो आरआरयू, खाली बेग तथा चोरी में प्रयुक्त आटो भी बरामद किया गया है। जबकि बादलपुर गौतमबुद्ध नगर की घटना से संबंधित 12 सौ रुपए



भी बरामद किए हैं। आरोपी मोबाइल टावरों से कीमती सामान चोरी कर सस्ते दामों पर बेच देते थे। दूसरी ओर एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि 15 अप्रैल को खन्नानगर कॉलोनी में चोरों ने एक घर से हजारों की नगदी और गहने चोरी कर लिए थे। शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तसलीम को गिरफ्तार किया है। जबकि उसका साथी नूरा मौके से फरार हो गया। उसके कब्जे से 14500 रुपए की नगदी तथा सोने चांदी के गहने बरामद किए हैं।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**लोनी करंट क्राइम।** भारतीय किसान संघ और आल इंडिया क्राइम रिफोर्म्स आग्रेनाइजेशन ने क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों और गांवों में मतदाता



जागरुक अभियान चलाया।, किसान संघ के जिलाध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने बताया कि शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को लोनी ब्लाक के पचायरा, सुंगरपुर, मीरपुर, मंडोला, अलीपुर, पंचलोक और नौरसपुर आदि गांवों में मतदाताओं को जागरुक किया। जिसमें मेरठ प्रांत कोषाध्यक्ष ओंकार त्यागी, मेरठ प्रांत मंत्री संगीता ठाकुर, वेदप्रकाश, नरेश कुमार त्यागी, ब्रहम सिंह चौहान, ललित, सत्यवीर और प्रवीण आदि ने भाग लिया। जबकि आइक्रो के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गर्ग ने बताया कि शुक्रवार को लोनी नगरीय क्षेत्र की बलरामनगर, लालबाग, संगम विहार, राहुल गार्डन, राधा विहार, अमित विहार, गोविन्द टाउन आदि कॉलोनियों में घर घर जाकर लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जिसमें आइक्रो के मदन लाल, मेहताब, अनूप शर्मा, दीपांशु माहेश्वरी, अनिल गुप्ता, नरेन्द्र भाटी, अनीस, राहुल, राधेश्याम तथा सभासद मांगेराम, बेगराज मावी आदि ने भाग लिया।

## विवादित भूमि पर कब्जे का प्रयास कर रहा आरोपी गिरफ्तार

**लोनी करंट क्राइम।** विवादित भूमि पर जबरन कब्जे का प्रयास कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर 151 की कार्रवाई की है। आरोपी के विरुद्ध पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

लोनी थाने के रूपनगर औद्योगिक क्षेत्र में धरोटी खुर्द के खसरा न0 140 की करीब नौ बीघा पुश्तैनी भूमि उद्यमी अखिल गुप्ता और उसके भाईयों की है। जिस पर वह उद्योग लगाना चाहते हैं। जबकि कुछ लोग लोनी के खसरा न0 1464 में 666 वर्ग गज के भूखंड के कागजात लेकर अखिल गुप्ता की भूमि पर कब्जा करने की नीयत से मिटटी का भराव करा रहे थे। अखिल गुप्ता ने पुलिस प्रशासन से लिखित शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की थी। अधिकारियों ने अधीनस्थों को जांच कर रिपोर्ट देने



तथा तब तक मौके पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बाद भी दूसरा पक्ष विवादित भूमि पर मिटटी का भराव करा रहा था। शुक्रवार दोपहर एक बजे पुलिस को मौके पर मिटटी डाले जाने की सूचना मिली, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मिटटी डलवा रहे आफताब को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध 151 की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि आफताब के विरुद्ध धोखाधडी, बिजली चोरी, मारपीट आदि के करीब सात मुकदमे दर्ज हैं।

## यातायात जाम खत्म कराएंगे, वायु प्रदूषण से मुक्ति दिलाएंगे

**गाजियाबाद।** लोकसभा सीट से बसपा के उम्मीदवार नंद किशोर पुंडीर का कहना है कि क्षेत्र में कई समस्याएं हैं। सभी के समाधान के लिए उनके पास ठोस योजना है। वह इन्हें लेकर ही लोगों के सामने जा रहे हैं। आप चुनाव क्यों लड़ रहे हैं ? जनता की सेवा करने और जनहित के मुद्दे को उचित मंच पर लाकर निस्तारण कराने के लिए राजनीति में हूं। गाजियाबाद की समस्याओं से परिचित हूं। उन्हें दूर करने के लिए चुनाव लड़ रहा हूं।




## 26 की प्लानिंग में जुट गई है खाकी




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए खाकी ने अंदर खाने तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि हर टू और थ्री-स्टार के साथ रहने वाले खास पुलिसकर्मियों की लिस्ट बनाई जा रही है। वहीं किसको कहा पर तैनात किया जाना है, इसका प्लान भी बन गया है। चौकी प्रभारी से लेकर टू-स्टार और कारखास जिनको अलग-अलग जिम्मेदारी देनी है, उनको यह संदेश पहुंचा दिया गया है। वहीं इलाके वाले एसीपी साहब लोगों से लेकर जोन वाले प्रभारी लोग भी अपनी लिस्ट उठाकर जांच पड़ताल कर रहे हैं। कुल मिलाकर सूत्र यह बता रहे हैं कि इस बार पुलिस के लिए दोपहर के पैकेट की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा, वहीं पानी को लेकर भी फोकस रहेगा। गर्मी 26 अप्रैल को चरम पर रहेगी और पार 41 के आसपास रहने वाला बताया जा रहा है। इसी के साथ सुनने में आ रहा है कि नंबर दो वाले दोनों ही अधिकारी एक सिटी और एक देहात जोन की ओर मूव पर रहेंगे। और जो व्हाट्सएप पर एक्टिव रहते हैं, वह वहीं से सभी दिशा-निर्देश देने का कार्य करेंगे। वहीं खाकी वाले कमिश्नरेट के सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस की ड्यूटी लगने के बाद जल्द ही उनको कटवाने वाला कार्यक्रम भी एक-दो दिन में शुरू हो जाएगा। जिसके लिए डिमांड की शिकायत भी आ सकती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र यह बता रहे हैं कि जो अंडर ट्रेनिंग वाले टू-स्टार हैं उनको विशेष हिदायत भी थानों के प्रभारी ने देनी शुरू कर दी है। इसी के साथ कई थानाक्षेत्रों में तो बाहर से आने वाली फोर्स के लिए स्कूलों और धर्मशालाओं के साथ ही मैरिज हाउस में पानी की मोटर और जनरेटर की व्यवस्था पर भी अटेंशन दिया जा रहा है। कुल मिलाकर 26 अप्रैल को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत लोकसभा का पहला चुनाव होना है। इस बार की व्यवस्थाएं रजिस्टर में नई कहानी और नई शिकायत दर्ज कराएंगी। सूत्रों ने यह भी बताया है कि इस बार के प्रमुख चुनाव में पीछे और ऊपर से भेजे जाने वाली फोर्स की संख्या कम रहने वाली है। इसी के साथ सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि 26 के बाद कई थानों के टू-स्टारों को अभी से आगे की ड्यूटी की टेंशन होने लगी है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दो दिन में यह तैयारियों और भी तेज होने वाली हैं।

# वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार भाटी ने कार्यकर्ताओं के साथ किया जनसंपर्क

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार भाटी ने शुक्रवार को वार्ड में जनसंपर्क अभियान किया। उन्होंने सैकड़ो कार्यकताओं के साथ वैशाली सेक्टर 6, सेक्टर 7, सेक्टर 9 सहित वार्ड के सभी सेक्टरों में कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क अभियान किया।

राजकुमार भाटी ने बताया सुबह से ही क्षेत्र में निकालकर घर-घर जाकर लोगों लोगों से मतदान करने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार वैशाली वार्ड 89 से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को रिकॉर्ड तोड़ वोटो से जीता कर भेजेंगे। इस बार भाजपा का नारा 400 पार ये सच होने जा रहा है। इस मौके पर पूर्व पार्षद मधु भाटी, राजीव शर्मा, कमल चौहान, रॉबिन शर्मा, बीएस भाटी, खेम





सिंह, शैलेंद्र वर्मा, बीएन खत्री, संजय सिंह, इंदु नौटियाल, सविता गौसाई, गीता भाटी, सुषमा शर्मा, ममता परिहार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्ड 54 में 14 साल बाद बनी 6 सड़कें, लोगों को मिलेगी राहत: सतेंदर चौधरी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड नंबर 54 सेक्टर 11 में 200 ब्लॉक व 400 ब्लॉक मे हो रहे। सड़क निर्माण कार्य में सभी रोड बनकर तैयार हो गई। जो पिछले 14 साल से नहीं बने पाई थी सभी निवासी खुश है।

शहर के वार्ड संख्या 58 में सोमवार को महाराणा प्रताप चौराहा से अमर इन्द्रा नगर लिंक रोड सड़क निर्माण कार्य का विधायक ज्ञानचंद पारख, सभापति रेखा भाई, उपसभापति





लाल भाई, क्षेत्रीय पार्षद बाबूलाल आर्य ने शुभारम्भ किया। सड़क निर्माण कार्य पूरा होने पर इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। पार्षद सतेंदर चौधरी ने बताया कि 40 लाख रुपए की लागत से करीब 6 सड़के बनाई गई है। जिससे इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। इस मार्ग पर करीब 14 साल बाद सड़क का निर्माण कार्य किया गया है।

जिससे इस खस्ताहाल मार्ग से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा मुझे कमीशन नही चाहिए कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए।

## इमरान प्रतापगढ़ी का रोड शो कैंसल होने के बाद भी गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी ने निकाला विधानसभा धौलाना में रोड शो

**गाजियाबद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों अपने स्टार प्रचारकों के साथ प्रत्यशियों को जीतने के लिए रोड शो करती नजर आ रहे हैं तो वहीं गाजियाबाद के लोकसभा गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा के रोड शो में डासना से धौलाना विधानसभा के लिए रोड शो होना था। जिसमें राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी पहुंचने वाले थे तो वहीं क्षेत्रीय लोगों ने बेसब्री से इस रोड शो का इंतजार किया परंतु किसी कारण इमरान प्रतापगढ़ी को यूपी बॉर्डर पर ही रोक लिया गया। जिसको लेकर कहीं ना कहीं गठबंधन कार्यकताओं में रोष देखने को मिला लेकिन फिर भी गठबंधन कार्यकताओं ने डोली शर्मा का रोड शो डासना मखदूम साह से होता हुआ में मार्केट, 10 बीसा, पुरानी पेंठ, दूधिया पीपल, कसाई मोहल्लाह, काजीवाला, दुबे वाला मोहल्ला से होते हुए गली वाली मस्जिद से निकलकर धौलाना के लिए रवाना हुआ।

## दृष्टिकोण व प्रतिनिधि क्लब ने संयुक्त रूप से कराया यह कार्यक्रम

# भगवती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस ने किया मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। दृष्टिकोण व प्रतिनिधि क्लब ने संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम कराया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के सैक्रेटरी डॉ. हिमांशु सिंहल व निदेशक डॉ. अनिरुद्ध विश्वास व कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर की। सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी, प्रोफेसर्स और स्टाफ की उपस्थिति में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु एक साथ मतदान करने व कराने की प्रतिज्ञा की। मतदाता जागरूकता के लिए रश्मि, चेतना व ध्रुव ने भाषण दिया। वासु, तनिष्क व टीम ने रंगमंच नाटक प्रस्तुत किया। पारुल, ओम, अमन ने नृत्य व गायन आदि प्रस्तुत किए। प्रोफेसर अनमोल कालरा ने 'वोट ऑफ थैंक्स' के साथ कार्यक्रम का समापन किया।










# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहला ट्रायल : नेविगेशन उपकरणों की जांच के लिए भरी उड़ान



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने अंशांकन उड़ान में जानकारी देते हुए ट्विटर एक्स एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, पर सही और धुप वाले दिन में डीवीओआर अंशांकन उड़ान भरी गयी है।

**एनआईए का उद्घाटन इस साल दिसंबर तक होने वाला है। आपको बता दें कि बीचक्राफ्ट किंग एयर बी300, एक डीवीओआर अंशांकन उड़ान है।**

नोएडा। जेवर में बन रहे एशिया सबसे बड़े एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम लगभग पूरा होने की कगार पर है। इस ड्रीम प्रोजेक्ट पर पूरे देश की नजर है। गुरुवार को नोएडा हवाई अड्डे ने पहली कैलिब्रेशन उड़ान का ट्रायल किया है। इसके साथ सभी नेविगेशन व्यवस्थाओं की भी जांच की है। इसका एक वीडियो नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपने ट्विटर हैंडल से पोस्ट किया है।

### नेविगेशन प्रणालियों के बारे में ट्रायल लिया

गुरुवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने इस परियोजना में अपने एक महत्वपूर्ण कदम में पहली बार कैलिब्रेशन उड़ान का ट्रायल किया है। जिसमें विमान ने यह पता लगाने के लिए उड़ान भरी कि क्या भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण द्वारा साइट पर की गई सभी व्यवस्थाएं सही से काम कर रही हैं। एनआईए का उद्घाटन इस साल दिसंबर तक होने वाला है। आपको बता दें कि बीचक्राफ्ट किंग एयर बी300, एक डीवीओआर अंशांकन उड़ान है। जिसको यह जांचने के लिए उड़ाया गया है कि क्या सभी नेविगेशन उपकरण ठीक से काम कर रहे हैं। इस अवसर पर एएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "यह परीक्षण उड़ान बहुत महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे हमें एयरपोर्ट की सभी नेविगेशन प्रणालियों की स्थिति का पता चला। हम खुश हैं कि सभी उपकरण सही ढंग से कार्य कर रहे हैं।"
नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने अंशांकन उड़ान में जानकारी देते हुए ट्विटर एक्स एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, पर सही और धुप वाले दिन में डीवीओआर अंशांकन उड़ान भरी गयी है। यह कदम एक कदम और आगे है। जिसके लिए भारतीय हवाईअड्डे प्राधिकरण काम कर रही है। नेविगेशन उपकरण के काम की जांच करने के लिए इसको किया गया है।

### अंशांकन उड़ान क्या है?

दरअसल, एक नए हवाई अड्डे के लिए एक अंशांकन उड़ान रनवे प्रकाश व्यवस्था, हवाई क्षेत्र और नेविगेशन सहायता की पुष्टि और सुधार करती है। यह कमर्शियल ऑपरेशन को शुरू करने के लिए सुरक्षा के बारे में जांच करने में सहायता करता है।
इसकी मदद से पायलेट रनवे, लेआउट, प्रक्रियाओं और अन्य चीजों से के बारे में जानकारी इकठ्ठा करता है।

# नोएडा की शादी में पटाखों से लगी आग : बालकनी में रखे कपड़े धू-धू कर जले, बारातियों ने की थी आतिशबाजी

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर 49 क्षेत्र में सेक्टर 51 स्थित केंद्रीय विहार सोसायटी के पास एक मैरिज हॉल में जमकर पटाखे फोड़े गए। इस दौरान पटाखों से निकली चिंगारी से सोसायटी के एक फ्लैट की बालकनी में रखे कपड़े धू-धू कर जल गए। फ्लैट मालिक ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

नोएडा के सेक्टर 51 में स्थित केंद्रीय विहार सोसायटी के पास हुई एक घटना ने लोगों को चौंका दिया। मैरिज हॉल में चल रही बारात के दौरान पटाखों के फोड़ने से निकली चिंगारी ने आसपास के फ्लैट को आग लगा दी। इस दुर्घटना में कई लोगों को अपने घरों को सुरक्षित करने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। इस मामले को लेकर महिला द्वारा किए गए ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है।



### पटाखे फोड़ने का परिणाम

बारात के दौरान पटाखों के फोड़ने से निकली चिंगारी ने आसपास के फ्लैट को आग लगा दी। इस आग के कारण केंद्रीय विहार सोसायटी के एक फ्लैट में बल्कनी पर रखे कपड़े धू-धू कर जल गए। फ्लैट के मालिक ने तत्काल कार्रवाई की और आग को बुझाने में सफल रहे। इस घटना ने सोसायटी के निवासियों में हड़कंप मचा दिया और उन्हें आतंक महसूस होने लगा।

### पुलिस के कदम

महिला द्वारा ट्वीट किए जाने के बाद, सोशल मीडिया पर लोगों ने नोएडा पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले की स्थिति को समझते हुए, मैरिज हॉल के संचालक को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा, पुलिस ने मामले की जांच के लिए कदम उठाए हैं।

### सुरक्षा के प्रश्न

यह घटना सुरक्षा के प्रश्नों को उठाती है। बारात में पटाखे फोड़ने की परंपरा होने के बावजूद, यह उपयोगकर्ताओं के और परिवारों के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। इसके अलावा, ध्यान देने वाली बात यह है कि इस घटना के बाद भी कोई आधिकारिक शिकायत नहीं दी गई है। ऐसा होने पर सुरक्षा एजेंसियों को घटना को संज्ञान में लेने और उसके लिए आवश्यक कदम उठाने की जिम्मेदारी है।

### निष्कर्ष

इस घटना से साफ होता है कि सामाजिक समागमों में पटाखे फोड़ने के परंपरागत आचरण को अब देखा जाना चाहिए। इसके अलावा, सुरक्षा की मामले में जनता को सक्रिय रहना चाहिए ।

# एनडीए और सीडीएस की परीक्षा के चलते नोएडा मेट्रो का समय बदला

## नोएडा मेट्रो रेल ने ग्रेटर नोएडा को जोड़ा छात्र परीक्षा के लिए करेंगे सफर

## 21 अप्रैल को है यूपीएससी परीक्षा



नोएडा । नोएडा मेट्रो से सफर करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन नोएडा को ग्रेटर नोएडा से जोड़ती है। 21 अप्रैल यानी कि रविवार को यूपीएससी के अंदर होने वाली एनडीए और सीडीएस की परीक्षा होने जा रही है। जिसमें हजारों की संख्या में छात्र परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में नोएडा मेट्रो का समय बदल दिया गया है।

### नोएडा मेट्रो ने किया अपडेट

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन एक्वा लाइन सामान्य दिनों में सुबह 8:00 बजे से शुरू होती है। रैपिड ट्रांजिट सिस्टम में कुल 21 मेट्रो स्टेशन है। जो नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक जाते हैं। अब रविवार को होने जा रही है एनडीए और सीडीएस की परीक्षा को लेकर नोएडा मेट्रो ने बड़ा अपडेट किया है। नोएडा मेट्रो से मिली जानकारी के मुताबिक, 21 अप्रैल यानी कि रविवार को एनडीए और सीडीएस की परीक्षा है जिसके लिए हजारों की संख्या में छात्र नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सेंटरों में एग्जाम देने के लिए पहुंचेंगे।

### परीक्षा के लिए बड़ी टाइमिंग

इसी को देखते हुए एक्वा लाइन की टाइमिंग 8:00 बजे के बजाए सुबह 6:00 बजे से शुरू कर दी है। एक्वा लाइन के सभी मेट्रो स्टेशन पर 15 मिनट के अंतराल में ट्रेन उपलब्ध रहेगी। छात्रों का विशेष ख्याल रखा जा रहा है।

# नोएडा हाईराइज फेडरेशन अध्यक्ष ने जिम्मेदारों को बताई समस्या, कहा- ऐसे हो सकता है समाधान

नोएडा। हाईराइज फेडरेशन के अध्यक्ष ने समस्याओं को सामने रखकर उन्हें हल करने का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा है कि नोएडा के तेज विकास के साथ, बड़ी हाउसिंग सोसायटियों में विभिन्न समस्याएं हैं, जिनका समाधान आवश्यक है। इन मुद्दों में प्रदूषण, यातायात की भीड़, जल संकट, वित्तीय बाधाएं और सुरक्षा अभाव शामिल हैं।

उन्होंने एपीओए के छोटे कार्यकाल को भी एक बड़ी चुनौती बताया है, क्योंकि एक वर्ष की समय सीमा उनके विकास कार्यों के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अतिरिक्त, नोएडा प्राधिकरण के अनुप्रयोगिता बिना एपीओए से परामर्श किये एकतरफा निर्णय लेना भी समस्या है। वित्तीय संकट और सुरक्षा अभाव भी समाधान की जरूरत है, क्योंकि यह बाधाओं का कारण बनते हैं।

निखिल सिंघल ने समाधान के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने



सुझाव दिया है कि एक मंच बनाया जाए, जहां एपीओए, विधायक, और नोएडा प्राधिकरण बैठकर मुद्दों पर चर्चा करें और समाधान निकालें। शहरी योजनाकारों के अनुसार, नोएडा का विकास कहानी उदाहरणीय है, लेकिन इन मुद्दों का समाधान निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने नगर विकास और निवासियों की सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया है।

# मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास छात्र-छात्राओं को बताया वोट का महत्व

**गौतमबुद्ध।** नगर गौतमबुद्ध नगर के मतदाताओं को लोकसभा 2024 के लिए जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रोजाना, स्वीप कार्यक्रम के तहत, विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में, स्वीप सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य, 26 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

गौतमबुद्ध नगर में छात्रों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया गया है। आज, जीएनआईओटी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ग्रेटर नोएडा में एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में, स्वीप टीम के सदस्यों ने छात्रों से 26 अप्रैल को मतदान करने और अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। छात्रों ने भी मतदान शपथ ली और मतदाता जागरूकता स्टिकर लगाए। इसके अतिरिक्त, विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में भी मतदान जागरूकता से



जुड़ी गतिविधियां जैसे रंगोली, मेहंदी, मानव शृंखला, लोक नृत्य और मतदान शपथ आदि का आयोजन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी, स्वीप सदस्यों ने ग्रामीणों से 26 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। सभी मतदाताओं से ₹सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के संदेश के साथ मतदान में भाग लेने की अपील की जा रही है। जिला प्रशासन की इन पहलों से आशा की जा रही है कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाता वर्ग की भागीदारी बढ़ेगी।

# नोएडा: अमरनाथ यात्रा पर जाने से पहले दो दोस्तों के उड़े होश, मेडिकल चेकअप कराना पड़ा भारी



नोएडा। नोएडा में जिला अस्पताल के गेट पर एक बड़ी घटना सामने आई है। बदमाश एक कार का शीशा तोड़कर नगदी, दो लैपटॉप सहित कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना के समय कार मालिक और उनका दोस्त मेडिकल चेकअप कराने के लिए अस्पताल के अंदर गए हुए थे। पीड़ित की शिकायत पर थाना सक्टर 39 पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**पुलिस का बयान**

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। अस्पताल के गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### यह है पूरा मामला

गाजियाबाद के वसुंधरा इलाके में रहने वाले तपेश जायसवाल ने बताया कि 18 अप्रैल को वह अपनी कार से सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल में अपने दोस्त सुमित दुबे के साथ आए थे। उन्होंने गेट पर कार खड़ी की और अस्पताल में मेडिकल चेकअप कराने चले गए। उन्होंने बताया कि दोनों दोस्त अमरनाथ यात्रा पर जाना चाह रहे थे। इसलिए उन्होंने अपना हेल्थ चेकअप करवाया। इसी बीच चोरों ने उनकी कार का शीशा तोड़कर कार में रखे हुए दो लैपटॉप, लैपटॉप चार्जर, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आई कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, डेबिट कार्ड, तीन बैंकों का क्रेडिट कार्ड, 2 डायरी और 4000 नगद चोरी कर लिया। जब वह वापस कार के पास पहुंचे तो उन्हें घटना का पता चला।

# नोएडा में श्रीमद्भागवत कथा : श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन, गोवर्धन की हुई पूजा

नोएडा। सेक्टर-134 स्थित जेपी विश्व टाउन क्लासिक में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भी जारी रहा। व्यास राजेंद्रानंद सरस्वती ने श्रीकृष्ण की जन्म लीला और गोवर्धन पूजा से जुड़ी अनेक अद्भुत घटनाओं का वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने भजनों पर मंत्रमुग्ध होकर नृत्य किया और भगवान की लीलाओं का आनंद लिया। कथा के अंत में गोवर्धन महाराज की झांकी की पूजा-अर्चना और आरती की गई। सभी कथाप्रेमियों को प्रसाद वितरित किया गया। इसकी जानकारी श्री गौरी शंकर वैदिक धर्मार्थ ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव भानू प्रताप लवानिया ने दी।

### कथा का वर्णन

व्यास राजेंद्रानंद सरस्वती ने कृष्ण लीला का वर्णन करते हुए कई कथाएं सुनाईं। उन्होंने बताया कि कैसे नंदलाल के जन्म पर नंद बाबा के घर उत्सव मनाया गया और बधाई देने वालों का तांता लग गया। जब कंस को पता चला कि देवकी का आठवां बच्चा पैदा हो गया है, तो उसने बच्ची



**राजेंद्रानंद सरस्वती ने बताया कि कंस ने भगवान कृष्ण को मारने के लिए राक्षसी पूतना को भेजा, जिसने वेश बदलकर कृष्ण को जहरीला दूध पिलाने की कोशिश की, लेकिन भगवान ने उसे मौत के घाट उतार दिया।**

को मारने की कोशिश की, लेकिन योगमाया ने आकाश में जाकर भविष्यवाणी की कि कृष्ण गोकुल में पैदा हो चुके हैं। कंस ने सभी नवजात शिशुओं को मारने का प्रयास किया, लेकिन वह भगवान कृष्ण का बाल भी बांका नहीं कर पाया।

### गोवर्धन पर्वत की पूजा

राजेंद्रानंद सरस्वती ने बताया कि कंस ने भगवान कृष्ण को मारने के लिए राक्षसी पूतना को भेजा, जिसने वेश बदलकर कृष्ण को जहरीला दूध पिलाने की कोशिश की, लेकिन भगवान ने उसे मौत के घाट उतार दिया। कार्तिक मास में ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा करने की तैयारी की, लेकिन भगवान कृष्ण ने उन्हें गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने भारी वर्षा की, जिससे ब्रजवासी परेशान हो गए। तब भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठा लिया और सभी लोगों को उसके नीचे आश्रय दिया। एक सप्ताह बाद इंद्र हार गया और वर्षा बंद हो गई।

# नोएडा में गाजियाबाद निवासी की कार से पुलिस ने 6 लाख रुपए किए बरामद

**नोएडा ।** गौतमबुद्ध नगर में आचार संहिता उल्लंघन मामले में पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नोएडा पुलिस ने गाजियाबाद के रहने वाले शख्स की कार से 6 लाख रुपए बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक सेक्टर-63 थाना पुलिस ने गुरुवार रात चेकिंग और गश्त के दौरान एफएनजी तिराहे के पास संदिग्ध गाड़ी (यूपी 16 डीडी 9496) को चेक किया।

इस दौरान गाजियाबाद के अभिषेक अग्रवाल और विजयनगर के गोविंद कुमार के कब्जे से कुल 6,00,000 रुपए बरामद किए गए।

पुलिस ने गाड़ी सवारों से रुपए के बारे में जानकारी मांगी तो दोनों ने कोई जानकारी नहीं दी। इसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना आयकर विभाग को दी। दोनों व्यक्तियों से बरामद धनराशि




**गाजियाबाद के अभिषेक अग्रवाल और विजयनगर के गोविंद कुमार के कब्जे से कुल 6,00,000 रुपए बरामद किए गए।**

को पुलिस ने कब्जे में लिया है और स्क्रीनिंग कमेटी को रिपोर्ट भेज दी है। स्क्रीनिंग कमेटी के पास तीन दिन के अंदर पैसों के लेनदेन से संबंधित कागजात और साक्ष्य को जमा करना होता है, अगर ऐसा नहीं होता है तो आगे कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

# अतुल गर्ग को धुआंधार प्रचार में जनता का मिल रहा भरपूर समर्थन

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा के दर्जनों गांवों में दौरे के साथ मुरादनगर विधानसभा के युवा विधायक अजीत पाल त्यागी की अगुआई और भाजपा के राष्ट्रीय सचिव राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर की महत्त्वपूर्ण उपस्थिति के साथ में गांव टीला, राजपुर, फरूखनगर, भनैडा, महमुदपुर, भूपखेडी, रेवडी, मेवला, सिरोली, मालीवाडा में लालाजी की चक्की के सामने नुक्कड़ सभा और जनसभा के दौरान योगिन्द्र मावी प्रदेश उपाध्यक्ष ओ.बी.सी. मोर्चा, रवींद्र भाटी, देवेन्द्र कसाना, मुनेश त्यागी, आनन्द कसाना पुत्र श्रेयराम कसाना, जगभगवान कसाना, महेश प्रधान, जैनी बैसला मंडल उपाध्यक्ष, मोहित बैसला, कमल जाटव पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एस.सी. मोर्चा आर.एल.डी. आदि की देखरेख में संपन्न हुए।











## बूथ से मतदान कराने वाला ही होता है असल योद्धा : अतुल गर्ग

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि सुरेन्द्र नागर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन 2024 'अबकी बार 400 पार' के लिए मतदान वाले दिन एक-एक वोट देश के भविष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इसलिए अपना और परिवार का वोट सुबह 9 बजे से पहले डालें भी और डलवाएं भी। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने कहा कि चुनाव मैदान में भले ही हमको दल से योद्धा के रूप में उतारा हो मगर बूथ से मतदान कराने वाला ही होता है असल का योद्धा। क्योंकि बूथ जीता चुनाव जीता। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा- भाजपा, गांव व गरीब के लिए बड़े विजन और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है। उन्हीं लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए 26 अप्रैल को भारी मात्रा में कमल का बटन दबाकर भाजपा की सरकार बनानी है। अपना वोट राष्ट्रवाद के लिए करना है। कार्यक्रमों की सफलता के लिए भाजपा कार्यकर्ता और आरएलडी के कार्यकर्ताओं का गठजोड़ प्रयास ऐतिहासिक जीत का मुख्य आधार बनता जा रहा है।

# अतुल गर्ग के प्रचार में सांसद मनोज तिवारी आएंगे खजूरी पार्क : संजीव शर्मा



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधानसभा चुनाव संपर्क कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने साहिबाबाद विधानसभा चुनाव संयोजक राजेश्वर प्रसाद व स्थानीय चुनाव संचालन टोली के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा बैठक की।

महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि आगामी 21 तारीख को खजूरी पार्क जनकपुरी साहिबाबाद में दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी की नुक्कड़ जनसभा शाम 5 बजे होनी निश्चित हुई है।

राजेश्वर प्रसाद ने सभी से निवेदन करते हुए कहा कि अपने वार्ड और क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित करें। इस बैठक में साहिबाबाद क्षेत्र के पार्षद गण एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने उदयरामपुर, नगला और धौलाना का दौरा किया

## पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों को न्याय मिलेगा : डॉली शर्मा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने धौलाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उदयरामपुर, नगला और धौलाना में बैठक की और वहां मौजूद लोगों से मत समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि आप लोग मुझे एक बार जनसेवा का मौका दीजिए, फिर नेताओं के बारे में प्रचलित अवधारणा को उलटते हुए ऐसा कार्य करूंगी कि आप लोग भी उसे जीवन भर याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि धौलाना किसान बहुल क्षेत्र है, यहां के किसानों की सभी समस्याओं से मैं अवगत हूं। उन सभी समस्याओं को दूर करवाऊंगी।





### किसान गारंटी को घर-घर पहुंचाऊंगी

**करंट क्राइम।** खाद, बीज, बिजली, एलपीजी आदि के बढ़ते दामों को काबू में करूंगी। हमारी पार्टी ने जो किसान गारंटी दी है, उसे घर-घर तक पहुंचाऊंगी। उन्होंने कहा कि किसानों के अलावा श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं और सबकी हिस्सेदारी की जो गारंटी देने की योजना हमारी पार्टी बनाए हुए है, उसे तत्परतापूर्वक लागू करवाऊंगी। जातीय जनगणना भी होगी। पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों को न्याय मिलेगा। उन्होंने इस अपार स्नेह समर्थन और आशीर्वाद के लिए सबका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

# नगर आयुक्त ने निगम की ईटीएफ टीम को दी नई पहचान, अभियान के दौरान अब नई ड्रेस में दिखेंगे जवान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा ईटीएफ के जवानों के लिए अलग वर्दी बनवाई गई है ताकि अभियान के दौरान उनकी पहचान अलग दिखाई दे तथा कार्य में सुविधा रहे। प्रवर्तन दल टीम की ड्रेस को अलग किया गया है।

शासन के निर्देश के क्रम में अभियान के दौरान प्रवर्तन दल अहम भूमिका निभाते हुए निगम के कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। समय-समय पर जवानों के लिए ड्रेस तथा अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। इसी क्रम में लगभग 4 साल बाद नगर आयुक्त द्वारा उनकी पहचान को अलग करते हुए अलग वर्दी बनवाई है जिससे गाजियाबाद नगर निगम केअभियानों में भी सहयोग रहेगा।

प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल दीपक शरण द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम अंतर्गत प्रवर्तन दल की टीम में 10 लोग हैं। सभी लोग आर्मी से रिटायर्ड हैं जिसमें उप परिवर्तन दल प्रभारी देवेंद्र सिंह तथा अन्य आठ जवान हैं जिसमें गजेंद्र सिंह, कृष्ण पाल सिंह, मनदीप सिंह, सुधीर कुमार, नीरज कुमार, अजय राघव, हरीश कुमार, सूरजपाल हैं। पूरी टीम गाजियाबाद नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है तथा अपने कार्य को बखूबी निभा रही है। जिसको देखते हुए नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में सभी को अलग वर्दी दी गई है जिससे कि उनकी पहचान अलग बनी रहे तथा प्रशासनिक तथा आमजन को उसकी पहचान रहे।

### नगर आयुक्त ने की ईटीएफ की प्रशंसा

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम की ईटीएफ टीम द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान प्रमुखता से कार्य किया है जिनके सहयोग से उत्तर प्रदेश में प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान वसूली में तीसरा स्थान गाजियाबाद को प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार, टैक्स वसूली अभियान, अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान, अन्य विशेष अभियान के दौरान भी परिवर्तन दल बढ़-चढ़कर जनहित के कार्यों में सहयोग करता है जो सराहनीय है। नगर आयुक्त के नेतृत्व में जनहित की समस्याओं के समाधान के साथ टीम को भी मजबूत करने का कार्य प्रमुखता से किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने प्रवर्तन दल को सराहनीय कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं तथा आगे भी निगम के अभियानों में अपनी उपस्थिति मजबूती से दर्ज करने के लिए मोटिवेट भी किया।

# राजू पंचाल ने सहारनपुर चुनाव प्रभारी के रूप में निभाया दायित्व







**सहारनपुर, करंट क्राइम।** तीन दिन के लिए 17 से 19 अप्रैल तक राजू पंचाल को सहारनपुर लोकसभा बेहट विधानसभा और छुटमलपुर मंडल में लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने हेतु प्रभारी नियुक्त किया गया। बता दें कि इस मंडल में 89 बूथ आते हैं। राजू पंचाल ने प्रभारी का दायित्व बखूबी अंजाम दिया और उनके द्वारा नियुक्त टीम ने जिम्मेदारी से चुनाव संपन्न होने तक कार्य किया।

# एच.आर.आई.टी. कॉलेज के वार्षिक उत्सव 'नेक्टर' की धमाकेदार शुरुआत, अल्तमस की धुन पर थिरके छात्र






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एच.आर.आई.टी.) ने एक बार फिर सितारों और प्रतिभाओं को एक अद्भुत प्राकृतिक शाम के रूप में उनके वार्षिक उत्सव 'नेक्टर' के अद्वितीय दिवस पर ला दिया। शुक्रवार को मेरठ रोड स्थित संस्थान में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एचआरआईटी इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष जिन्हें सांसद रोजगार मेला और राइज इन इंडिया जैसे मेगा इवेंट्स कई बार अपने संस्थान में आयोजित किए हैं।

डॉ. अनिल अग्रवाल ने इस इवेंट का शुभारंभ किया। यह आयोजन प्रतिभा, संस्कृति और शैक्षिक उत्कृष्टता का जश्न था। इस आयोजन में डॉ. अंजुल अग्रवाल, एच.आर.आई.टी संस्थान के उपाध्यक्ष एवं वैशाली अग्रवाल निदेशक डीपीएस एचआरआईटी द्वारा भी उद्घाटन किया गया। अंजुल अग्रवाल छात्र कल्याण के प्रति अपने पहल के लिए प्रसिद्ध हैं। कार्यक्रम ने उनमें से प्रतिष्ठित मेहमानों का आदरणीय स्वागत करके प्रारंभ किया, जिससे एक शानदार शाम की शुरुआत हुई।

एक समर्पित समूह ने आयोजन की सफलता को सुनिश्चित किया। समूह निदेशक डॉ. एन.के. शर्मा, डॉ. निर्दोष अग्रवाल, एकेडमिक्स के निदेशक डॉ. हरीश तलुआ, फार्मेसी के निदेशक डॉ. उमेशकुमार सिंह, डॉ. राम कुमार राय, डॉ. नवनीत शर्मा, डॉ. पूजा अरोड़ा, रंजना शर्मा, डॉ. शबनम जैदी, विनोद कुमार, डॉ. अनिल त्यागी, डॉ. एम.के. जैन, धर्मेन्द्र, सी.एन. सिन्हा, डॉ. रूपांजली आचार्य, अलका बंसल, वरुण, सुधीर, अनिता आदि ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रयास किया। कार्यक्रम में कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

खेल, सांस्कृतिक प्रदर्शन और साहित्यिक एवं बुद्धिजीवियों की संगत के साथ इस संध्या में रंग भरे गए। श्रेष्ठ छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। एच.आर.आई.टी. का 'नेक्टर' 18 से 20 अप्रैल तक चलेगा और यहां पर भी विविध कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होंगे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से देखने शुरू किए है भगवा रेड फेस मैन ने विधानसभा का चुनाव लड़ने के ख़्वाब? ये देखकर उनके धुरविरोधियों के दिल में लग गई है आग? सुना है गर्ग साहब के पास कोई पहुँचा चुका है यादव जी को लेकर कोई नेगिटिव रिपोर्ट? बस यहाँ पर एक ही चेहरा है जो कर रहा है उनको सपोर्ट? गागर में सागर भरने वाले नागर जी ने यहाँ पर सँभाली थी बात? कोई आग लगाकर निकल चुका था? ये तो शुक्र है मामला ज्यादा सुलगता? उससे पहले ही नागर जी ने कूल करने वाला चल दिया दांव?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था भगवा गढ़ के एक बड़े वैश्य नेता के पास? मैंने कहा गर्ग साहब के चुनाव में आप दिखाई नहीं दे रहे हो साहब? उन्होंने लगाया मेरे शब्दों पर ये कहते हुए ब्रेक? कहा मैं डोर टू डोर उनके लिए वोट माँग रहा हूँ? क्योंकि वो आदमी है बहुत ही नेक? तन और मन से लड़ा रहा हूँ मैं उनको चुनाव? जब धन की बात हमने पूछी, तो वैश्य नेता के चेहरे पर आ गई शातिर सी मुस्कुराहट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमे नहीं पता था कि भगवा गढ़ के बड़े बड़े कुछ ब्राह्मण चेहरों का है बहुत ज्यादा कमजोर दिल? खौफ इतना है कि अपनी ही बिरादरी के एक बड़े चेहरे की जॉइनिंग कराने को लेकर, इन सब ने अपनी जुबान ली है सिल? इस बड़े चेहरे की पार्टी में एंट्री ना हो, इसको लेकर चल रहे है ये तमाम तरह के दांव? इन सबकी ये सहमी हुई अदा देखकर मेरा दिल है बस यही कहता? बिरादरी वालों से घबराकर इनको नहीं समझना चाहिए खुद को नेता?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गढ़ के गर्ग साहब का भी गजब रहता है अन्दाज? उनके अल्फाज आग लगा रहे है या मरहम? इस बात का अच्छे अच्छे चेहरे को नहीं होता एहसास? सुना है चौपला वाली मार्केट से प्रचार करने के बाद, उन्होंने आवाज मारकर किया नव सी नीत जलाने वाले गुप्ता जी को याद? गर्ग साहब के पुकारे जाने से खिलखिला रहा तथा गुप्ता जी का चेहरा? मगर उनको ये तवज्जो मिलते देखकर एक ब्राह्मण नेता के चेहरे पर बैठ गया उदासी का पहरा? ऐसा मैं नहीं, जो इस नजारे को देख रहा था, ये बात एक चेहरा मुझसे था कह रहा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा युवा तोमर को गर्ग साहब ने आवाज मारकर बुलाया जब विशेष रूप से अपने पास? फिर उनसे माँगा 18 अप्रैल की तैयारियों का हिसाब? गर्ग साहब के तवज्जो वाले शब्द सुनकर वेस्टर्न वाले युवा तोमर के चेहरे पर आ गई शानदार रौनक? युवा नेता को महसूस हुआ कि चुनाव की फि ल्म में हैं उसका भी रोल? सुना है युवा तोमर अब नाराज हो जाता है हर उस चेहरे से, जो गर्ग साहब की खिलाफत में बनाता है माहौल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के एक विहार में हो रही है बृज जैसी लीला? सुना है यहां के भगवा कमिश्नर और मैम्बर ने छोड़ा हुआ है मामला ढीला? चुनाव की गर्मी में ये नहीं लगा रहे हैं गर्ग साहब का प्रोग्राम? अब तो ये पहले से भी ज्यादा कर रहे हैं आराम? इन्हें पता है गर्ग साहब की सभा कराकर भी क्या बिगड़ जायेगा श्रीमान? यहां तो बिना मेहनत किये ही वोट हो जाता है भगवा वालों के नाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के बॉबी भैया, मैम्बर विनय भैया, आरडब्लूए वाले सागर भैया, वार्ड वाले पंत भैया इस वक्त हैं हद से ज्यादा हैरान? सुना है इनके साथ-साथ यहां के 30 भगवा धारियों पर लग गये हैं मुचलके? जिस वजह से हैं ये सब बहुत ज्यादा परेशान? कह रहे हैं सरकार होने के बाद भी कौन सा पड़ा है कार्यकर्ता पर फर्क? पहले कभी नहीं हुए देखों अब हो गये है हम सबपे मुकदमे दर्ज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लोकसभा के एक बड़े उम्मीदवार ने अपने साले और भांजे को उतार दिया है मैदान में? सुना है साले साहब और भांजे राजा संगठन और मौहल्ले की टीम से जाकर कर रहे हैं अलग भूमिका तैयार? संगठन के अलावा ये अलग से कर रहे हैं सभी कार्यक्रम की मॉनीटरिंग? कुछ इस तरह की बात आई है इन्दिराजीपुरम वाले एरिया से बाहर? कहने वाले ने कहा हम संगठन के आदमी हैं और हम हैं इस बात से बहुत ज्यादा हैरान? संगठन के अंगने में क्यों कर रहे हैं भांजे राजा और साले साहब बेमतलब का व्यवधान? विश्वास भी कोई चीज होती है उस पर भी देना चाहिए देने वाले को ध्यान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम देख रहे हैं नदिया पार के ठाकुर मैम्बर को पूरे गौरव से उन्होंने चुनाव में ना जाने क्यों बनाई हुई है अपने क्षेत्र से दूरी? हो सकता है वो भी पूरे गौरव से ठाकुर विरोध वाली मुहिम में शामिल हों? इसलिए दूरी बनाना समझ लिया है बहुत ज्यादा जरूरी? हमें वैसे भी पता चली है अंदर से ये बात, चुनाव प्रबंधन समिति में इन्हें वैसे भी कोई काम नहीं दिया गया है साहब? कहने वाले ने कहा मामला सीधा सा है, जैसे सामने वाले की वारफेर वैसे हमारा नाच?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिस नदिया पार 87 नंबर एरिया में निर्दलीय त्यागी जी फिर से हो गये हैं भगवा? सुना है इस वजह से कई दिलों में लग गई है अगवा? अब हम इस बात पर दे रहे है बारीकी से ध्यान? यहां पर त्यागी जी की भगवा वाली एन्ट्री होने के बाद कैसे किसी की सिद्धी पूरी होगी श्रीमान? त्यागी जी के वापस आने से फिर से मजबूत हो गया है उनका बेस? मगर ये भी सच है जैसे जैसे समय बढ़ेगा, वैसे वैसे सामने आयेंगे कई तरह के क्लेश?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मां एक ऐसा शब्द है जिसमे अंतरात्मा और परमात्मा दोनो समाये हैं। मां संस्कार है मां परिवार है और मां ही प्यार है। पंकज शर्मा ने अपनी मां की महिमा को अपने शब्दों में ढाला। उन्होंने लिखा कि मां के लिए क्या लिखूं यारों, मैं खुद मां की लिखावट हूं। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।